

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 29 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-182 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### 1 अक्टूबर को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

**रायपुर,29 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव होना है, जिसके लिए राजनीतिक दलों के साथ-साथ शासन प्रशासन ने भी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की एक सूची जारी कर दी है और दूसरी सूची भी जल्द जारी होने वाली है। लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस ने अभी तक अपने उम्मीवारों के नाम का खुलासा नहीं किया है। चुनावी सरगर्मी के बीच कांग्रेस उम्मीदवारों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार उम्मीदवारों के नाम के चयन को लेकर 1 अक्टूबर को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होने वाली है। बताया जा रहा है कि ये बैठक सीएम हाउस में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश की 90 सीटों के उम्मीदवारों का सिगल नाम तय किए जाने पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश की जनता को कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची बेसब्री से इंतजार है। लोग ये जानना चाहते हैं कि उनके क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी किस उम्मीदवार को चुनावी मैदान में उतारना चाहती है।

### राहुल गांधी जो कहते हैं करके दिखाते हैं: सैलजा

**रायपुर,29 सितंबर।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बलौदाबाजार में होने वाले कार्यक्रम को लेकर कहा कि आज हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लोगों से रू-ब-रू होंगे. आने वाले समय में प्रियंका गांधी भी आएंगी. यहां की पूरी कांग्रेस पार्टी जमीन पर हमारे संदेश को पहुंचा रही है. हमें पूरा विश्वास है आने वाले



समय में हम प्रचंड बहुमत में सरकार बनाएंगे. आज एक लाख से ऊपर श्रमिकों को आज लाभान्वित किया जाएगा. कुमारी सैलजा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बलौदा बाजार में कार्यक्रम है. प्रदेशभर से श्रमिक, हमारे नेता राहुल गांधी के निर्देश पर, वहां आएंगे. सभी हितग्राहियों में, लोगों में काफी उत्साह है. पिछले समय जब राहुल गांधी आए थे, लोगों में बेहद उत्साह था. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब ट्रेन से आए आम लोगों में उनके प्रति इतना प्यार उमड़ते हुए देखा क्योंकि लोगों को विश्वास है. राहुल गांधी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं. पिछले बार भी चुनाव से पहले राहुल गांधी ने जो वादा किया उन्होंने सरकार बनते ही पूरा किया. यही हमारी कांग्रेस की सरकार भरोसे की सरकार है.

### पाकिस्तान की मस्जिद में बम विस्फोट,53 की मौत

**कराची,29सितंबर।** बलूचिस्तान के मस्तुंग में शुक्रवार को एक भीषण बम विस्फोट हुआ। इस दौरान कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, विस्फोट उस मस्जिद के पास हुआ, जहां लोग ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए इकट्ठा हो रहे थे। हाल ही में बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में एक विस्फोट में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) नेता हाफिज हमदुल्ला सहित 11 लोग घायल हो गए थे। इससे पहले पाकिस्तान के पेशावर में एक विस्फोट में फंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) के एक अधिकारी की मौत हो गई थी और दो नागरिकों सहित आठ अन्य घायल हो गए थे।





### दिल्ली में 25 करोड़ की चोरी का आरोपी छग से गिरफ्तार

# कमरे में चोरी के सोने और हीरे का ढेर

**बिलासपुर,29 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दिल्ली के भोगल इलाके में एक गहनों की दुकान से 25 करोड़ रुपये की चोरी के मामले में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की पहचान लोकेश श्रीवास और दूसरे की शिवा चंद्रवंशी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों की नकदी के साथ बड़ी मात्रा में सोने और हीरे के गहने भी बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस अब इन आरोपियों को दिल्ली ला रही है और आरोपियों से पूछताछ जारी है।

छत्तीसगढ़ की बिलासपुर पुलिस ने आज इस बारे में बताया कि दिल्ली के भोगल की ज्वैलरी शॉप में चोरी के मामले में दुर्ग में एक आरोपी से 12.50 लाख रुपये नकद और 18 किलो से अधिक सोना और हीरे बरामद किए गए हैं। मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद दुर्ग जिले के भिलाई स्थित स्मृति नगर में छिपा हुआ था। वहीं, लोकेश का साथी शिवा चंद्रवंशी को बिलासपुर पुलिस ने कवर्धा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से 23 लाख के जेवर जब्त किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, लोकेश श्रीवास एक शातिर चोर है, जिसे गहनों की दुकान में चोरी करने में महारत हासिल है। लोकेश दुर्ग का ही रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस को काफी समय से उसकी तलाश थी। दिल्ली की इस सबसे बड़ी चोरी से पहले भी इसने कई अन्य जगहों पर ऐसी वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपी पहले भी भिलाई के पारख ज्वैलर्स में हुई बड़ी चोरी में गिरफ्तार हो चुका है। वह हर बार चोरी करके जेल जाता और जेल से छूटने के बाद फिर चोरी करता है। आरोपी लोकेश श्रीवास हर बार ज्वैलरी शॉप को ही अपना निशाना बनाता है। उसने दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा सहित प्रदेश में कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

इससे पहले दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में आरोपी गहनों की दुकान में घुस गए, स्ट्रॉन्ग रूम में सेंध लगाकर करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक के आभूषणों के साथ-साथ 5 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए थे। इस चोरी में कम से कम तीन अज्ञात लोग शामिल थे, जो राजधानी की सबसे बड़ी चोरी में से एक थी।पुलिस ने कहा कि दक्षिण दिल्ली के भोगल में उमराव सिंह ज्वैलर्स नामक दुकान में कई सीसीटीवी कैमरे थे, लेकिन रविवार आधी रात के आसपास वे क्षतिग्रस्त हो गए। मालिक ने रविवार रात करीब 8 बजे दुकान बंद की और मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे दुकान खोली तो उसे घटना की जानकारी हुई। सोमवार को दुकान बंद रहती है।

# प्रज्ञान और विक्रम के पास बस एक दिन और

## चांद पर कल फिर हो जाएगी रात



**बेंगलुरु,29 सितंबर।** सितंबर के शुरुआत से गहरी नींद में गए प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर की चंद्र यात्रा समाप्त होती नजर आ रही है। दरअसल, चंद्रयान-3 लैंडिंग के बाद चांद पर दूसरी बार रात का सामना करने वाला है। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो की चंद्रयान 3 के इन दो हिस्सों को जगाने की तमाम कोशिशें अब तक नाकाम रही हैं।

2 अक्टूबर को प्रज्ञान और विक्रम स्लीप मोड में चले गए थे। दरअसल, धरती के 14 दिनों के बराबर चांद पर एक दिन होता है। अब चांद की सतह पर सूर्य की रोशनी पड़ने के बाद से ही इसरो दोनों को दोबारा तैयार करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सकी है। हालांकि, स्पेस एजेंसी ने पहले ही साफ कर दिया है कि अगर लैंडर और रोवर दोबारा काम नहीं करते हैं, तो भी मिशन सफल माना जाएगा।

जिस जगह पर चंद्रयान-3 ने लैंडिंग की थी, उसे भारत ने शिव शक्ति पॉइंट नाम दिया था। खबर है कि इस पॉइंट पर 30 सितंबर को रात दोबारा शुरू हो सकती है। ऐसे में पहली ही रात के बाद नहीं जागे प्रज्ञान और विक्रम के सामने दूसरी रात का सामना करना बड़ी चुनौती होगी। राहत की बात है कि 23 अगस्त को लैंडिंग के बाद चंद्रयान पहले ही धरती पर काफी अहम डेटा भेज चुका है। चांद पर रात के दौरान काफी तेज ठंड और घनघोर अंधेरा हो जाता है। माना जाता है कि चांद पर रात में पारा -180 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। अब विक्रम और प्रज्ञान को काम करने के लिए सौर ऊर्जा की जरूरत होती है। खास बात है कि विक्रम और प्रज्ञान को धरती पर लौटने के लिए तैयार नहीं किया गया है। इसरो ने कहा था कि अगर रात के बाद दोनों दोबारा काम करने लगते हैं, तो यह बोनस होगा। इसरो का मानना था कि विक्रम और प्रज्ञान चांद की रात का सामना कर सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्पेस एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा था, अगर यह चांद पर एक रात गुजारने में सफल हो जाता है, तो यह आगे की कई रातों का सामना कर सकता है।

# भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं ट्रूडो

**नई दिल्ली,29 सितंबर।** भारत और कनाडा के बीच तनाव के बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की और दोनों ने भारत की जी20 अध्यक्षता के प्रमुख परिणामों और भारत-मध्य पूर्व के निर्माण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की है। कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि वह भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर गंभीर हैं। हालांकि आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका के आरोपों पर भारत-कनाडा विवाद का कोई जिक्र नहीं किया गया, लेकिन समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा कि यह विषय उठाया गया था। ब्लिंकन ने भारत को कनाडाई जांच में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।



इस बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक खिलाड़ी है। और जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति प्रस्तुत की थी। हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं। उन्होंने कनाडाई अखबार नेशनल पोस्ट को बताया कि भारत एक बढ़ती आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक खिलाड़ी है। और जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति प्रस्तुत की थी, हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि उसी समय, जाहिर तौर पर, कानून के शासन वाले देश के रूप में हमें इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए कनाडा के साथ काम करने की जरूरत है कि हमें इस मामले के पूरे तथ्य मिलें। ट्रूडो ने कहा कि उन्हें आश्वासन मिला है कि ब्लिंकन वाशिंगटन डी.सी. में मुलाकात के दौरान जयशंकर के साथ मुद्दों को उठाएंगे। अमेरिकी भारत सरकार से बात करने में हमारे साथ रहे हैं कि यह कितना महत्वपूर्ण है कि वे आगे बढ़ने में शामिल हों। यह कुछ ऐसा है जिसे सभी लोकतांत्रिक देशों, कानून के शासन का सम्मान करने वाले सभी देशों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। ब्लिंकन-जयशंकर की मुलाकात कनाडाई पुलिस के यह कहने के कुछ घंटों बाद हुई कि निज्जर की हत्या की जांच सक्रिय और जारी है और हत्या स्थल से प्रासंगिक वीडियो फुटेज एकत्र किए गए हैं।

# मासूम से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

## महिला मोर्चा ने घेरा पुलिस थाना

**रायपुर,29 सितंबर**

धरसींवा क्षेत्र से 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. वहीं पड़ोस के नाबालिग लड़के पर दुष्कर्म का आरोप है. पीड़ित बच्ची के परिजनों ने बताया कि मेकाहारा हॉस्पिटल में बच्ची का इलाज जारी है. मामला गुरुवार दोपहर 12 बजे का है. पीड़ित मासूम को दो बजे मोटरसाइकिल से परिजन थाना लेकर गए. पीड़ित परिजनों ने करीब 4 से 6 घंटे तक थाने में बैठाए रखने का आरोप लगाया है. परिजनों के मुताबिक दोपहर 12 बजे से रात लगभग 9 बजे तक बच्ची को ना सहयोग ना इलाज. बताया जा रहा है कि धरसींवा अस्पताल में मुलाहिजा नहीं किया गया.आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने धरसींवा थाने का घेराव कर दिया। उनकी पुलिस से झूमा झपटी हुई।

गांव के लोगों का कहना है कि पुलिस मामले को रफा दफा करने में तुली थी. जब गांव वालों का प्रेशर बढ़ा गांव वाले थाना पहुंचे तब जाकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया. पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से किसी भी प्रकार के सहयोग नहीं मिलने से परिजन और गांव के कुछ लोग बच्ची को बाइक से धरसींवा हॉस्पिटल ले गए. धरसींवा हॉस्पिटल में रेफर करने की बात कही गई, लेकिन स्पष्ट तौर पर कह दिया गया हॉस्पिटल में एंबुलेंस नहीं है. फिर पेट्रोलिंग गाड़ी से बच्ची को रायपुर लाया गया. इस बीच पीड़ित बच्ची बेहोश थी.सरपंच ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वो पीड़ित के घर पहुंचा. उस समय पुलिस पीड़ित के घर में मौजूद थी. पूछताछ करने के बाद पुलिस आरोपी लड़के को लेकर चली गई. साथ में लड़की के पिता भी गए. फिर सरपंच ने कहा कुछ जरूरत पड़ने पर मुझे बताना. जब हाल चाल जानने के लिए सरपंच ने पीड़ित के पिता को फोन किया 8 बजे के आस पास, तब लड़की के पिता ने बताया कि उसे थाना में बैठाया गया है. फिर सरपंच और कुछ अन्य लोग थाना पहुंचे. जैसे थाना पहुंचे टीआई अपने कमरे में लेकर गए. हमने पूछा कि क्यों कार्रवाई नहीं हुई, तो वो पुलिसगिरी दिखाने लगे और उल्टा धौंस दिखाते हुए कहा इतनी देर तक क्या कर रहे थे. उसके बाद पुलिस वाले ने कहा कि इतना ज़्यादा पीड़ित हो तो अपनी गाड़ी से रायपुर ले जाओ. फिर हम लोग अपनी गाड़ी में सरकारी हॉस्पिटल गए. जब हम बच्ची को हॉस्पिटल से ले जाने के लिए पहुंचे तो पुलिस वाले ले जाने नहीं दिए. फिर लोग आते गए तो पुलिस वाले आनन फ़ानन में लगभग 9 बजे पेट्रोलिंग गाड़ी से बच्ची को मेकाहारा रायपुर लेकर गए.इस मामले में पुलिस का कहना है कि घटना के बाद जब परिजन नाबालिग को लेकर थाना पहुंचे. उसके बाद शिकायत के आधार पर इस मामले में 5 बजे ही एफआईआर दर्ज कर ली गई थी. इस मामले में आरोपी नाबालिग को भी तत्काल हिरासत में लिया गया है. 12-12.30 बजे की घटना है. लगभग 3 बजे पिता को फ़ोन से घटना की जानकारी मिली. पिता काम से वापस घर आया. लगभग 5 बजे लड़की को परिजन सीधे हॉस्पिटल ले के गये, कुछ परिजन लगभग 6 बजे थाना आए, थाने में कार्रवाई शुरू हुई. नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया गया. पीड़ित लड़की को पुलिस ने ही अपनी गाड़ी से मेकाहारा लाया. पॉक्सो की कार्रवाई होने से महिला सब-इंस्पेक्टर मां को महिला थाना से तुरंत ले कर आए, पुलिस के द्वारा विधिवत और त्वरित कार्रवाई की गई. मौदहापारा थाना प्रभारी ने मेकाहारा में परिजनों और डॉक्टर से चर्चा की. परिजन को हर संभव मदद और कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है.

### कर्नाटक बंद

**बेंगलुरु ,29 सितंबर ।** बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के अधिकारियों ने 44 उड़ानों का आगमन और आगमन रद्द कर दिया है। तमिलनाडु को पानी छोड़े जाने के विरोध में कन्नड़ समर्थक संगठनों द्वारा शुक्रवार को बुलाए गए कर्नाटक बंद की पृष्ठभूमि में हवाईअड्डे से उड़ानें बंद हो गईं। सूत्रों ने पुष्टि की कि मेट्रो शहरों नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और अन्य गंतव्यों के लिए उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने इंडिगो 7731 उड़ान के लिए टिकट खरीदा था और सुबह 9.50 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे के परिसर में प्रवेश किया।

# बंगाल में महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे अपराध : लेखी

**नई दिल्ली ,29 सितंबर।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में रेप के बाद एक लड़की की जलाकर की गई विभत्स हत्या को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि देवी की पूजा और महिलाओं का सम्मान करने वाले बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं बढ़ रही है, लगातार बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही हैं और इसके लिए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार है।

लेखी ने महिलाओं के खिलाफ बंगाल में हुए कई आपराधिक वारदातों का जिक्र करते हुए अन्य विपक्षी दलों के रवैये पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर आईएनडीआईए वाले भी कुछ नहीं बोलते हैं, ऐसा लगता है कि उनके लिए बंगाल भारत का हिस्सा ही नहीं है। उन्होंने बिना नाम लिए प्रियंका गांधी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए लेखी ने कहा कि पितृपक्ष शुरू हो चुका है और देवी पक्ष शुरू होने वाला है, लेकिन ऐसे समय में बंगाल में यह दुखदायी घटना (महिलाओं के खिलाफ अपराध) देखने को मिल रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय ममता बनर्जी अपने बयान से पीड़ितों को ही कठघरे में खड़ा करने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि मां, माटी और मानुष की बात करने वाली ममता बनर्जी ने आज बंगाल के देवी क्षेत्र को बम, बुलेट और बेटी के साथ अन्याय में बदल दिया है। बंगाल में जो हो रहा है, उसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि जब आप बलात्कारियों को शरण देंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई कमजोर होगी, तो लगातार इस तरह की घटनाएं बढ़ेंगी ही।

### राजस्थान में कांग्रेस शासन के दौरान संविधान की हुई अनदेखी : चन्द्रशेखर

**अलवर ,29 सितंबर ।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस शासन के दौरान राज्य में संविधान की अनदेखी हुई है और बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया गया। चन्द्रशेखर ने कल रात्रि यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि जो मुख्यमंत्री कागज की सुरक्षा नहीं कर सकता वह राज्य की सुरक्षा क्या करेगा। चन्द्रशेखर ने कहा कि उनके द्वारा देश भर में दलितों पर बढ़ रहे अत्याचार के विरुद्ध यह संविधान बचाओ देश बचाओ संकल्प यात्रा निकाली जा रही है । उन्होंने कहा कि यह पूरे देश में यात्रा निकाली जा रही है। विधान सभा में उम्मीदवार उतारने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्य में सभी सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी उतारे जाएंगे जो कार्यकर्ता जनता को जागरूक करेंगे और जनता के प्रति उत्तरदायित्व रहेंगे। उनको टिकट दिया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री को जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए। दो अप्रैल की घटनाओं में दर्ज किए गए मुकदमों के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में, 2019 के लोकसभा चुनाव में और पंचायत चुनाव के दौरान यह कहा गया कि मुकदमे वापस लिए जाएंगे लेकिन मुकदमे वापस नहीं लिए। हमें केंद्र सरकार से उम्मीद नहीं है लेकिन राज्य सरकार से उम्मीद थी लेकिन उन्होंने मुकदमे वापस नहीं लिए।

### 2023 में खेले जा रहे एशियाई खेलों के पूर्व भारतीय फुटबाल को झटका

# मातृभूमि की जगह क्लब को महत्व नहीं देना चाहिए

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

मनुष्य जब जन्म लेता है तो उसके साथ ही उसके लालन-पालन की जिम्मेदारी माता-पिता/अभिभावकों के उपर आ जाती है। भारतीय परिदृश्य में एक नौनिहाल शिशु के कम से कम 18 वर्ष की आयु तक उसकी देखभाल-शिक्षा की जिम्मेदारी घरवालों की मानी जाती है। उसके पश्चात एक भारतीय नौजवान को अपने जीवन यापन का साधन ढूंढना पड़ता है या कहें उसे अपने पैरों पर खड़े होने की बाध्यता आधुनिक भारतीय समाज की परंपरा अनुसार जरूरी होती है। अतः आज के संदर्भ में एक युवा चाहे वह युवक हो या युवती 21 वर्ष की आयु तक अपने कैरियर का निर्माण करने की कोशिश करता है। इसमें विद्यार्थी, खिलाड़ी आदि विभिन्न रुचि रखने वाले सभी वर्ग के युवा शामिल होते हैं। भारत में शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अनेक नौकरी है लेकिन खेलकूद की क्षेत्र में 20वीं सदी तक संभावना सीमित थी। 21वीं सदी में खेलकूद को दृश्य श्रृव्य माध्यम से जिस तरह प्रचार प्रसार में जगह मिला तो फिर भारतीय युवाओं को खेलकूद के क्षेत्र में विभिन्न खेलों में से किसी भी खेल को कैरियर बनाने के लिए खुला आकाश मिल गया। भारत में गैर ओलंपिक खेल क्रिकेट व शतरंज ने युवा वर्ग में विशेष स्थान बनाया। बाकी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में शामिल अन्य 28 खेलों में वर्तमान में हमारे देश के खिलाड़ी अपना कैरियर बनाने के लिए निकल पड़े हैं। इंडियन प्रीमियर लीग याने क्रिकेट की टी-20 प्रारूप में क्लब या फ्रेंचायसी टीम के रूप में स्पर्धा का आरंभ 18 अप्रैल 2008 से आरंभ हुआ। फुटबाल की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की शुरुआत 12 अक्टूबर 2014 को हुई। कबड्डी की प्रो कबड्डी लीग की शुरुआत 2014 से हुई। इस तरह भारत में खेल को व्यावसायिक रूप दिया गया। भारतीय तथा विदेशी खिलाड़ी मिलकर इस तरह की चैंपियनशिप में भाग लेने लगे। अब तक बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस आदि खेलों की क्लब आधारित या मिक्सड टीम आधारित प्रतियोगिता शुरू हो चुकी है। भविष्य में हैंडबाल, बास्केटबाल, रोलबाल आदि भी होगी। इसमें विभिन्न खिलाड़ियों को कुछ औद्योगिक घराने या फिल्मी सितारे या प्रमुख व्यक्ति नीलामी के माध्यम से बोली लगाकर खरीदते हैं तथा जिससे उनकी अपनी टीम बनती है। चुने हुए खिलाड़ियों को बड़ी राशि दी जाती है अतः यह निश्चित है कि उन खिलाड़ियों का जीवन स्तर ऊंचा हो जाता है। भारत में खेलों को बढ़ावा देने की यह एक अच्छी कोशिश है। ऐसे व्यवसायिक टूर्नामेंट से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, आयोजकों, प्रसारकों को आर्थिक लाभ पहुंचता है। यह बहुत ही प्रशंसनीय है क्योंकि प्रत्येक माता-पिता, अभिभावक यही चाहते हैं कि उनकी संतान खेल के माध्यम से धन व प्रसिद्धि अर्जित करके अपने देश व अपने परिवार का नाम रौशन करे। यहां तक तो सब ठीक है लेकिन उसके आगे जो बात विगत दिनों सामने आई वह बेहद चिंतनीय है। इन दिनों 19वें एशियाई खेल चीन में जारी है। उसमें भारतीय फुटबाल टीम ने भी योग्यता हासिल की है। भारत की विश्व स्तरीय वरीयता फिलहाल विश्व के 207 देशों में 102 है जबकि एशिया के 46 देशों में 21 सितम्बर 2023 को भारत की 19वीं वरीयता है। इसी बीच 19वें एशियाड की शुरुआत 23 सितम्बर 2023 से हुई। जबकि भारत में खेली जाने वाली फुटबाल की इंडियर सुपर लीग की शुरुवात 21 सितम्बर 2023 से हुई। मुख्य बात यह है कि एशियाड के लिए चुनी गई फुटबाल टीम के खिलाड़ियों में से कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एशियाड में भारत का प्रतिनिधितव करने से आईएसएल के कुछ टीम के मालिकों ने रोक दिया। अब यहां पर प्रश्न उठता है कि देश बड़ा है या लीग के लिए चुनी गई टीम। जो भी हो फुटबाल के कर्णधारों ने भारतीय खेलकूद परिदृश्य में एक गलत परंपरा को जन्म दिया है। यह ठीक है कि लीग की टीम के लिए मालिकों ने करोड़ों रुपये खर्च किए लेकिन उन्हें चुने गये भारतीय खिलाड़ियों को देश के प्रतिनिधित्व करने से नहीं रोकना चाहिए था। वैसे भी 19वें एशियाई खेलों की तिथि जब करीब एक वर्ष पूर्व घोषित हो चुकी थी तो किसी टकराव से बचने के लिए आईएसएल की आयोजन तिथि को आगे-पीछे कर देना चाहिए था। इस गलत निर्णय पर भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ को ध्यान देकर देश के खिलाड़ियों को एशियाड में भाग नहीं लेने से रोकने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## एक नजर

### जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी पर निकला जुलूसे मुहम्मदी, जगह-जगह लंगर का आयोजन



**भिलाई, 29 सितम्बर।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद की यौमे पैदाइश जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में जुलूसे मुहम्मदी निकला। इस दौरान जगह-जगह लंगर हुए और समाज के अलग-अलग तबके का सम्मान भी किया गया। मस्जिदों, मदरसों और ईदगाहों में सुबह की शुरुआत परचमे इस्लाम फहराने के साथ हुई। मुख्य जुलूस दोपहर बाद निकला। जो शहर के विभिन्न हिस्सों की गश्त करते हुए सेक्टर-6 जामा मस्जिद पहुंचा। जुलूस ए मोहम्मदी की शुरुआत दोपहर में गौसिया मस्जिद कमेटी कैंप-1 से दोपहर 2 बजे हुई। जिसकी कयादत सैयद अदनान शरीफ किछौछा मुकद्दसा ने की। मद्दाहे रसूल सैयद तेग अली नागपुरी, हाजी तहसीन सलीम राजनांदगांव के अलावा शहर की तमाम मस्जिदों के इमाम सहित मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार व जनमानस बड़ी तादाद में मौजूद थे। बाद नमाजे मगरिब जामा मस्जिद सेक्टर 6 में रहमते आलम कॉन्फ्रेंस रखी गई। जिसकी कयादत हजरत अल्लामा मौलाना सैयद अदनान अशरफ अशरफ उल जिलानी किछौछा शरीफ ने की। वहीं मेहमान-ए-खुसूसी सदरुलवरा मिस्बाही कादरी उस्ताद अरबी यूनिवर्सिटी अल जमीअतुल अशरफिया मुबारकपुर आजमगढ़ थे। यह कॉन्फ्रेंस जेरे सरपरस्ती सैयद मोहम्मद अजमलुद्दीन हैदर साबिक इमाम जामा मस्जिद सेक्टर 6 और जेरे सदारत इकबाल अंजुम हैदर इमाम खतीब जामा मस्जिद सेक्टर 6 हुई।

### बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 की एक और उपलब्धि, कास्टर सीवी-1 से उत्पादन प्रारंभ

**भिलाई, 29 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने अपनी उपलब्धियों के अध्याय में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। एसएमएस-3 की टीम ने 19 सितम्बर 2023 को ब्लूम कम बिलेट कास्टर सीवी1 से 150 × 150 बिलेट्स का सफलतापूर्वक उत्पादन शुरू कर दिया है। कास्टर सीवी1 से उत्पादन वर्ष 2018 में शुरू हुआ, लेकिन इस कास्टर में केवल यूआरएम में लॉन्ग रेल बनाने के लिए ब्लूम की आवश्यकता को पूरा करने हेतु ब्लूम का उत्पादन किया गया था। कास्टर कन्वर्सन की इस प्रक्रिया में थोड़ा अतिरिक्त समय लगा, क्योंकि मई 2023 और अगस्त 2023 माह में प्रारंभिक परीक्षणों से वांछित परिणाम नहीं मिले। शीर्ष प्रबंधन और तकनीकी साझेदारों के बहुमूल्य इनपुट के साथ-साथ एसएमएस-3 की उर्जावान टीम ने कभी न हार मानने वाले रवैये के परिणामस्वरूप वांछित परिणामों के साथ सफलतापूर्वक कास्टर कन्वर्सन प्राप्त हुआ है। एसएमएस-3 के सभी संबद्ध विभागों, विशेषकर इंजीनियरिंग शॉपस् और ईडीडी के बहुमूल्य योगदान के बिना यह यात्रा संभव नहीं हो पाती। यह कास्टर कन्वर्सन भारत में अपनी तरह का पहला परिवर्तन है और इसने टीम एसएमएस-3 को भारतीय इस्पात उद्योग में एक नई ताकत के रूप में उभारा है। एसएमएस-3 में सीवी1 कास्टर को रेलवे उद्योग में उपयोग होने वाले एक महत्वपूर्ण घटक बिलेट्स और रेल ब्लूम्स का उत्पादन करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

### नेहरू आर्ट गैलरी में ईश्वर पटेल की फोटोग्राफी प्रदर्शनी का उद्घाटन



भिलाई, 29 सितम्बर। संयंत्र कर्मी एवं छायाकार ईश्वर कुमार पटेल द्वारा खींची गई छायाचित्रों के संग्रह की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 सितम्बर को संध्याकाल मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती द्वारा अन्य वरिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन करके किया गया। जिसका आयोजन 27 से 29 सितम्बर तक भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। ईश्वर कुमार पटेल, मर्चेंट मिल में चार्जमैन की पद पर कार्यरत हैं और इनकी रूचियाँ यात्रा, ट्रैकिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी में रही है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि अजय कुमार चक्रवर्ती ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की।

# कबीरधाम जिले के सरोधा-दादर को राष्ट्रीय स्तर पर रजत श्रेणी में मिला सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,29 सितंबर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा इस वर्ष छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के सरोधा-दादर गाँव को राष्ट्रीय स्तर पर रजत श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार दिया गया है। सरोधा दादर को देश भर के 795 पर्यटन ग्रामों की प्रतियोगिता में विभिन्न मापदंडों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ ग्राम के रूप में चुना गया। पर्यटन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली भारत मंडपम में आयोजित समारोह में सरोधादादर गाँव के मंगल सिंह धुर्वे ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, पर्यटप मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने भारतीय पर्यटन मानचित्र पर कबीरधाम जिले के ग्राम सरोदा दादर को राष्ट्रीय स्तर पर रजत श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

बतादे कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कबीरधाम जिले में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को विस्तार देने के लिए अलग-अलग प्रयास की जा रही है। ग्रामीण पर्यटन ग्राम सरोदा दादर के विकास के अध्ययन के लिए कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल द्वारा राज्य के अलग-अलग जिलों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने वाले इन्फ्लूएंसर को आमंत्रित कर भ्रमण कराया गया था। साथ ही कबीरधाम जिले में ग्रामीण पर्यटन के विकास की संभावनाओं के अध्ययन से अवगत भी कराया गया था।

पुरस्कार के सम्बन्ध में बताया गया है कि सरोधा-दादर का चयन देश भर के 31 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के 795 गांवों में से किया गया है। सरोधा-दादर को ग्रामीण पर्यटन के लिहाज से स्थानीय परिवेश और प्राकृतिक मूल्यों के साथ ही श्रेष्ठ गतिविधियों के कारण नौ विभिन्न खण्डों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार दिया गया। इनमें प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण, आर्थिक आत्म-निर्भरता, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सामाजिक आत्म निर्भरता, अधो संरचना तथा परिवहन संपर्क जैसे मापदण्ड शामिल थे।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरोधा-दादर की प्रविष्टि भेजने से पहले राज्य के भीतर जिले एक अन्दर ही प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सात गांवों को शामिल किया गया. इनमें से चौरा, डोंगरियाकला और सरोधा-दादर का चयन किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों में स्पर्धा हुई। आवेदन पत्र के साथ ही सरोधा-दादर पर केन्द्रित पॉवरप्वाइंट प्रस्तुति और वीडियो भी भेजा गया। इसके अलावा इस गाँव की विशेषताओं को प्रदर्शित करने वाले फोटो भी पर्याप्त संख्या में भेजे गए।अधिकारियों ने बताया कि सरोधा-दादर के अदिवासी परिवेश और ठेठ ग्रामीण वातावरण को सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र मानते हुए इन्फ्लुएन्सर मीट के अलावा, स्थानीय स्तर पर रोजगार पैदा करने वाली पर्यटन संस्थाओं और एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी को भी विशेष रूप से प्रचारित किया गया। साथ ही चिल्फी घाटी में प्रचलित हाथ से की गई कशीदाकारी और चित्रकारी को पर्याप्त प्रचार किया गया, जिसे स्पर्धा में विशेष महत्त्व मिला. इसी आधार पर सरोधा-दादर का चयन रजत वर्ग में देश के सर्वश्रेष्ठ ग्राम के रूप में संभव हुआ। सरोधा-दादर को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का पुरस्कार मिलने में यह तथ्य भी विशेष प्रभावी रहा कि यहाँ सैलानियों और ग्रामीणों में बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता साथ ही सरकार के प्रयासों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। यहाँ पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण में क्षमता और ज्ञान का विकास भी किया जा रहा है. ये सभी कारण सरोधा-दादर को सर्वश्रेष्ठ गाँव बनाने में निर्णायक रहे।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय कवर्धा से करीब 50 किमी और चिल्फीघाटी से 5 किलोमीटर दूर स्थित सरोधा-दादर पर्वतों और घाटियों के बीच समुद्र तल से करीब 3 हजार फीट ऊंचाई पर स्थित है।यहाँ आम तौर पर पूरे साल यहां पर्यटक आते रहते हैं लेकिन अक्टूबर माह से उनकी संख्या में बढ़ोतरी होने लगती है। ठंड के मौसम में यहां का तापमान कभी कभी शून्य से नीचे भी चला जाता है। यहाँ भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड और आस्ट्रेलिया से भी सैलानी आते हैं। खास तौर पर चिल्फीघाटी और सरोदा दादर में प्रकृति का आनंद लेने के लिए यहाँ पर्यटकों की आवाजाही बहुत अधिक रहती है। सरोधा-दादर में प्रकृति के सुन्दर नज़रों के कारण ग्रामीण पर्यटन की बहुत अधिक सम्भावना है। सरोधा-दादर और पीड़ाघाट के पास एक वॉच-टॉवर भी बनाया गया है, जहाँ से सैलानी पर्वत और घाटी के सुन्दर दृश्य का आनंद ले सकते हैं। कवर्धा जिले में मुख्य रूप से बैगा आदिवासी निवास करते हैं, इनकी पारंपरिक जीवन शैली और संस्कृति सैलानियों को विशेष रूप से अपनी ओर आकर्षित करती है।छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा आदिवासी बाहुल क्षेत्रों में और धार्मिक महत्व के स्थलों को खास तौर पर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कराया जा रहा है। इनमें ट्राइबल टूरिज्म सर्किट को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा राज्य शासन ने भी ट्राइबल टूरिज्म सर्किट को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

# नारी वंदन अधिनियम पास कराके पीएम ने देश में नारी शक्ति का मान बढ़ाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पास करके महिलाओं को तैतीस आरक्षण प्रदान कर देश में नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाया है । इस अधिनियम के लागू होने पर निश्चित रूप से देश की राजनीति में महिलाओं की सक्रिय भूमिका काफी हद तक मजबूत और सशक्त होगी , यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं की प्रतिनिधित्व को बढ़ाएगा जिसके फलस्वरूप लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई यानी 33त्नआरक्षण प्राप्त होगा । यह बिल महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व व सशक्तिकरण की राह मजबूत करने में मिल का पत्थर साबित होगा इसके साथ ही देश के विकास में महिलाओं की महति भूमिका और अधिक सशक्त होगी । साथ ही रोजगार व शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को बराबरी का मौका मिलेगा जिससे महिलाएं सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर पुरुषों की तरह अपनी हर आकांक्षाओं को पूरा कर सकेंगी । महिला आरक्षण बिल को पारित करवाना अत्यंत जटिल कार्य था जिसे पास कराना सम्माननीय मोदी जी जैसे ओजस्वी एवं दृढ़ संकल्पित व्यक्ति के लिए ही सम्भव है । इसके लिए मैं यशस्वी प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में महिला आरक्षण बिल पारित कर महिलाओं के सम्मान के लिए अभूतपूर्व ऐतिहासिक कदम उठाए हैं । जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट , जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट , जिला पंचायत सदस्य सुमीर पुशाम , जिला पंचायत सदस्य सावित्री साहू ने उक्त विचार देते हुए महिला आरक्षण बिल पास होने की तारीफ की ।

### यातायात पुलिस ने की यातायात के नियम का पालन करने की अपील



**कवर्धा, 29 सितंबर।** विदित है की कवर्धा शहर के वीर स्तंभ चौक में एक मात्र सिग्नल है। तकनीकी खराबी के कारण कुछ दिनों तक सिग्नल लाइट बंद रहेगा। यातायात व्यवस्था सुचारू ढंग से संचालन के लिए कबीरधाम पुलिस सदैव तत्पर है। पुणे के मेकेनिक द्वारा कुछ दिनों में रिपेयर किया जाएगा। कबीरधाम पुलिस आप सभी जिलेवासियों से अपील करता है की आप सभी जिलेवासी यातायात के नियमो का पालन करे और कबीरधाम पुलिस का सहयोग करे। महेश्वर सिंह यातायात प्रभारी, कबीरधाम ने उक्त जानकारी दी है ।

### महिला आरक्षण बिल पास होना ऐतिहासिक उपलब्धि:आशा तंबोली



**कवर्धा, 29 सितंबर।** लोकसभा और राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पेश हो जाने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती आशा तंबोली ने कहा की महिला आरक्षण बिल पेश होना ऐतिहासिक उपलब्धि है और देश में महिलाए रोजगार और राजनीति के छेत्र में आगे बढ़ेगी । देश की विकास में महिलाए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी ।

### राहर दाल की कीमत 180 रुपया सुनते ही होश उड़े

**कवर्धा, 29 सितंबर।** कवर्धा शहर में उच्च क्वालिटी के राहर दाल की कीमत 180 रुपया किलो सुनते ही ग्राहकों के होश उड़े । वैसे दाल 180 रुपया किलो से भी कम के अलग अलग वेरायटी में दाल मिल रहे है लेकिन 180 रुपया किलो दाल की चर्चा कवर्धा शहर में ज्यादा हो रही है । महंगाई का मुद्दा विधान सभा चुनाव में राहर दाल की चर्चा ना हो जाए ।

### आवास प्राप्त करने के लिए जमा करें 10 प्रतिशत अंशदान की राशि

**भिलाई, 29 सितंबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर लॉटरी में भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। मकानों की निर्धारित संख्या को देखते हुए हितग्राही अंशदान की राशि तत्काल जमा कर अपना स्थान सुनिश्चित करा लें। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर मकान मोर आस घटक के तहत सूर्या विहार के पीछे, खमरिया, भिलाई, अविनाश मेट्रोपोलिश, जुनवानी कोहका, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड, रजत बिल्डर्स, शांतिनगर कोहका एवं स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद में निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किराएदारी के रूप में निवासरत बेघर परिवारों के द्वारा आवास आबंटन के लिए विगत 30 जून तक आवेदन जमा किया गया था।



### निगम कार्यालय में हुआ गणपति हवन, प्रसाद वितरण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई 03 चरोदा कार्यालय में दिनांक 19/09/2023 को भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना पूर्ण विधि विधान के साथ की गयी थी। शहर सरकार के मुखिया तथा क्षेत्र के प्रथम नागरिक महापौर निर्मल कोसरे द्वारा अपने हाथों सेविघ्न विनायक की स्थापना निगम कार्यालय में की गयी।दस दिनों तक चले इस पूजन कार्यक्रम के बाद आज दिनांक 28/09/2023 को अनंत चतुर्थी के अवसर पर निगम कार्यालय में गणेश जी के निमित्त हवन पूजन कर प्रसाद भोग वितरण किया गया।

कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे सहित एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती देव कुमारी भलावी, श्रीमती संतोषी निषाद, श्री टेनेन्द्र ठाकरे, आशीष वर्मा, मनोज मढ़रिया तथा श्री पप्पू चंद्राकर उपस्थित रहे।

# ललित कला अकादमी के चेयरमैन नागदास का भिलाई में किया स्वागत



**भिलाई, 29 सितंबर।** ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के चेयरमेन प्रोफेसर वी नागदास के प्रथम भिलाई आगमन पर स्वागत किया गया। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि के रूप मे संस्कार भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष रिखी छत्रिय, आचार्य महेश चंद्र शर्मा, हेमंत सगदेव तथा बड़ी संख्या में खैरागढ, रायपुर और दुर्ग भिलाई के कलाकार उपस्थित थे। वही सांसद विजय बघेल ने दौरे पर रहने के कारण फोन करके बधाई दी। ज्ञात हो कि भिलाई के कलाकार काफी समय से भिलाई मे रीजनल सेन्टर की मांग कर रहे हैं। आजादी के बाद से आज तक भारत में सिर्फ 7 सेन्टर बनाए गए हैं यदि भिलाई में यह बनता है तो आठवां सेंटर होगा। इस बाबत भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक स्कूल भवन लीज में दिए जाने संबंधित पत्र अकादमी को भेजा है। चेयरमेन वी नागदास ने कहा कि भिलाई मे रीजनल सेन्टर खोले जाने योग्य तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। मिनी इंडिया कहलाने वाले इस शहर की तासीर ही ऐसी है कि वह इसे देश का सर्वश्रेष्ठ सेन्टर दे सकता है। उन्होंने भिलाई के सर्वधर्म सद्भाव संस्कृति की मुक्त कंठ प्रशंसा की। इससे पहले पावर हाउस पहुंचने पर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन बराल, चित्रकार ब्रजेश तिवारी, रोहिणी पाटणकर, संयंत्र के युवा नेता संतोष पराशर, प्रशांत क्षीरसागर, पी.एल. जेना, विजय शर्मा तथा अनेक युवा कलाकारो ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ उनकी कर्मभूमि रही है जहां वे खैरागढ संगीत विश्वविद्यालय में 37 सालों तक प्रोफेसर रहे हैं। भिलाई से भी उनका करीबी नाता रहा है और वे अतिशीघ्र ही यहां रीजनल सेन्टर खोलेंगे। दिल्ली में वे इसके लिए एक कमेटी गठित करेंगे जो कुछ ही दिनो में भिलाई का दौरा करेगी। संस्कार भारती के ध्येय गीत के बाद अपने स्वागत ऊद्बबोधन में भिलाई के प्रसिद्ध मूर्तिकार और ललित कला अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेम्बर अंकुश देवांगन ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने शुरुआती समय से ही छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को व्यापक मंच मिला है। यही वजह है कि पद्मविभूषण तीजन बाई, देवदास बंजारे और बैतल राम साहू जैसे कलाकारो की कलाएं परवान चढ़ी। न सिर्फ कला बल्कि शिक्षा और स्पोर्ट्स के क्षेत्र मे भी भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों ने पूरी दुनिया में भिलाई का परचम लहराया है।

सेक्टर 4 सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार भारती द्वारा आयोजित चेयरमेन नागदास के सम्मान समारोह मे मशहूर चित्रकार हरीसेन, गिलबर्ट जोसफ, प्राची, भूपत राव बोरकर, सतीश देवांगन, गुंजन, सारिका, प्रीति, स्तुति, धीरज साहू समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, पी. वालसन, रायपुर से सत्तार जी तथा खैरागढ के अनेक छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। अंत में छत्तीसगढ़ कला परिषद् के चेयरमैन योगेंद्र त्रिपाठी तथा अकादमी की सदस्य सुनीता वर्मा ने भी प्रोफेसर नागदास से मिलकर उन्हें भिलाई में रीजनल सेन्टर खोले जाने के लिए हार्दिक शुभकामनाये दी।

# चरोदा के रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान की बढ़ेगी शान, भूमिपूजन कर महापौर ने कराया कार्य प्रारंभ

**भिलाई-3 /** चरोदा के जोन -1 स्थित रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान की शान बढ़ जाएगी। इस मैदान में खेल प्रेमी दर्शकों के बैठक व्यवस्था हेतु गैलरी का निर्माण होने से ऐसा होगा। 49 लाख रुपए की लागत से यह काम नगर निगम भिलाई-चरोदा के माध्यम से पूरा होगा। इसके लिए महापौर निर्मल कोसरे ने गुरुवार को भूमिपूजन किया। इसके अलावा महापौर ने और भी कुछ वार्डों को विभिन्न विकास की सौगातों से नवाजा है। भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास के नए कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। महापौर निर्मल कोसरे अपनी टीम के साथ विभिन्न वार्डों में जाकर भूमिपूजन के साथ ही निर्माण कार्य शुरू करवा रहे हैं। गुरुवार को लगातार चौथे दिन महापौर ने निगम क्षेत्र के छह वार्डों में भूमिपूजन किया। इसमें वार्ड क्रमांक 27 जोन -1 चरोदा के



रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान में 49 लाख रुपए की लागत से दर्शकों की बैठक व्यवस्था के लिए गैलरी निर्माण कार्य प्रमुख है। इस कार्य के पूरा होने से विभिन्न खेल प्रतियोगिता को देखने आने वाले दर्शकों की सहूलियत बढ़ जाएगी।गौरतलब रहे कि चरोदा के रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान में फुटबॉल और क्रिकेट की बड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसके अलावा स्थानीय खिलाड़ी प्रतिदिन इस मैदान में अभ्यास के लिए आते हैं। यहां अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा के दम पर कई खिलाड़ी फुटबॉल के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करते हुए भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र का गौरव बढ़ा चुके हैं। खिलाड़ियों के साथ ही खेल प्रेमियों की ओर से इस मैदान पर दर्शकों के बैठक व्यवस्था हेतु गैलरी निर्माण की मांग महापौर निर्मल कोसरे से की गई थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य मोहन साहू, श्रीमती संतोषी निषाद, एम. जॉनी, एस वेंकट रमना, ईश्वर साहू, मनोज डहरिया, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, पार्षदगण टेनेन्द्र ठाकरे, संजय यादव, श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर, फिरोज फारूकी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, महामंत्री पप्पू चंद्राकर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्ञानचंद जैन, मिलाप साहू, पूर्व पार्षद पुखराज जैन, आशीष वर्मा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष असफाक अहमद, इंद्रजीत यादव, विनय सिंह, आकाश यादव, फुटबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी विमल घोष, श्री जोशी, श्रीमती मधु स्वर्णकार, जग्गू बंछोर, सुनील जैन, नमन जैन संदीप जैन, मोनू जैन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### इन विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

महापौर निर्मल कोसरे ने गुरुवार को कुल छह वार्डों में नए शुरू हो रहे विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें वार्ड 27 जोन -2 चरोदा के रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान में 49 लाख रुपए की लागत से गैलरी निर्माण, वार्ड 25 पंचशील नगर पूर्व में 15.95 की लागत से सीसी रोड एवं 19.52 लाख से बीटी रोड निर्माण, वार्ड 23 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चरोदा में 15.91 लाख से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 5 दादर - पथर्रा में 16.03 लाख से नाली एवं 19.12 लाख से बीटी रोड निर्माण, वार्ड 21 चरोदा बस्ती में 5 लाख से ई रिक्शा चार्जिंग हब निर्माण तथा वार्ड 16 भिलाई-3 बाजार में अलग - अलग दो जगहों पर क्रमशः 11.49 लाख व 21.56 लाख रुपए की लागत से बीटी रोड निर्माण कार्य शामिल है।

# नदी-ताबालों में किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

### भक्तिभाव से हुआ गणेश विसर्जन



**भिलाई, 29 सितम्बर।** गणपति बाप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ..जयकारों के बीच जुलुस निकालकर भक्तों ने धूमधाम से गणेश विसर्जन का कार्य संपन्न किया। इस अवसर पर शहर में उत्सवी माहौल रहा। भजन-कीर्तन के साथ भक्त-मंडली झूमते गाते सरोवरों पर पहुंचे जहाँ उन्होंने गणेश प्रतिमाओं को ठंडा किया। गणेश विसर्जन के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया और जयकारों के बीच माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंगलवार 19 सितंबर से गणेश चतुर्थी से गणेश उत्सव की शुरुआत हुई थी जिसका समापन अनंत चतुर्दशी के दिन हुआ। गणेश पंडालों एवं घरों में विधि-विधान से पूजा-आरती के पश्चात् गणेशजी को विसर्जन के लिए विदा किया गया। भक्तों ने पंडित-पुजारियों के निर्देशन में गणेश प्रतिमा को चन्दन, फल-फूल, दूर्वा, मोदक, पान-सुपारी, धूप-दीप, नैवेद्य आदि समर्पित कर परिवार के साथ उतारी और परिक्रमा किया। पूजा पंडालों एवं घरों में विधिपूर्वक हवन भी किया गया। तत्पश्चात विदाई जुलुस निकला गया जिसमे झूमते-गाते धूमधाम से पुष्?पों और लाल रंगों की बौछार करते हुए गणपति को विसर्जन के लिए लेकर भक्तगण निकले। पूरा माहौल उत्सवी हो गया था। गणेश भक्त बसंत शुक्ला ने बताया कि श्री गणेश की विदाई के समय भावुक और विभोर कर देने वाला प्रसंग आया। इस वर्ष भी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के समय अनेक स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए।

### जगह-जगह भोग-भंडारे का आयोजन

इस अवसर पर दो दिनों से लगातार भोग-भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जहाँ में बड़ी संख्या में पहुंचकर भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। कहीं खिचड़ी तो कहीं बारहों व्यंजन और अनेक स्थलों पर हलुआ-पूड़ी सब्जी पुलाव आदि का भंडारा भी खिलाया जा रहा है।

## एक नजर



### आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने किया फिंगेश्वर में जनसंपर्क

**राजिम,29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आम आदमी पार्टी के राजिम विधानसभा प्रत्याशी तेजराम साहू (विद्रोही) ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ फिंगेश्वर नगर में जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद मांगा है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने राजिम विधानसभा क्षेत्र से किसान नेता तेजराम साहू विद्रोही को अपना प्रत्याशी बनाया है और जब से प्रत्याशी की घोषणा हुई है वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ जन सम्पर्क में लगे हुए हैं। जनसंपर्क के दौरान वे केजरीवाल की गारंटी कार्ड को जनता तक ले जा रहे हैं। जिसमें पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ के किसानों को उनके फसल का सम्मान जनक कीमत देना, दिल्ली और पंजाब की तरह हर महीने हर घर को 24 घंटे 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, बेहतर व मुफ्त शिक्षा देने, बेहतर स्वस्थ्य व मुफ्त चिकित्सा, सभी विभागों के संविदा, प्लेसमेंट, ठेका व अनिनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, महिलाओं के लिए सम्मान, शहीद सम्मान, भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की गारंटी है । गारंटी कार्ड में उन्ही विषयों को लाया गया है जिस पर दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार काम कर रही है। जन सम्पर्क में आम आदमी पार्टी के फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रुद्रसेन सिन्हा, सर्किल प्रभारी पुराणिक सिन्हा सहित ग्रामीण व किसान कार्यकर्ता उत्तम कुमार साहू, रेखुराम साहू, होरीलाल साहू, नंदू ध्रुव, सोमन यादव, धीरज शर्मा, युवराज साहू, हेमंत साहू, बंटी सिन्हा आदि शामिल रहे।

### शासन की योजनाओं का पात्र व्यक्ति तक पहुंचे लाभ:के.पी.खाण्डे



**रायगढ़, 29 सितम्बर।** अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा के लिए आयोग प्रतिबद्ध है। अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिए। अपराध निवारण के लिए आयोग का गठन हुआ है, जो विशेष न्यायालय के रूप में काम करती है। किसी प्रकार की घटना होती है तो पीड़ित व्यक्ति की सहायता करें। पीड़ित हितग्राही त्वरित न्याय के लिए यहां आते है। उक्त बातें छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री के.पी.खाण्डे ने जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही।

अध्यक्ष श्री खाण्डे ने इस मौके पर आयोग की कार्यप्रणाली और अनुसूचित जाति वर्ग के हितों के संरक्षण के लिए संचालित प्रावधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्ष श्री खाण्डे ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग एक संवैधानिक संस्था है। अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ ही इस वर्ग के साथ होने वाले अन्याय पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना आयोग की प्राथमिकताओं में है। आयोग विशेष न्यायालय के रूप में कार्य करती है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य शासन द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ पात्र और जरूरतमंद हितग्राहियों को अवश्य प्रदान की जाए। बैठक में उन्होंने कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, क्रेडा, मत्स्य, स्वास्थ्य, पीएमजीएसवाई, उद्यान, उद्योग, श्रम, खाद्य, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में अध्यक्ष श्री खाण्डे ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ न्याय करनेए पीड़ितों को शासन द्वारा निर्धारित सहायता राशि के संबंध में सहयोग का आग्रह भी किया।इस अवसर पर छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सचिव श्री बी.एल.बंजारे, सदस्य श्री राम पप्पू बघेल, श्री डी.एस.पात्रे, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा, डीएसपी श्रीमती निकिता तिवारी, उपायुक्त आदिवासी विकास श्री बी.के.राजपूत, शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान केन्द्र वाले स्कूलों में प्राथमिकता से करें मरम्मत:कलेक्टर

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किए। साथ ही सामग्री वितरण-वापसी एवं मतदान केन्द्रों के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में आवश्यक बुनियादी सुविधायें सुनिश्चित करने के साथ ही वहां मरम्मत कार्य के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव भी साथ रहे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आरईएस के अधिकारी को मतदान केंद्र बनने वाले स्कूलों को प्राथमिकता के साथ मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया।

---

सुबह से नगर में शुरू हो गया था विसर्जन का सिलसिला

# अगले बरस फिर जल्दी आना कहकर विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 29 सितंबर।** गणपति बप्पा मोरयाऽ मंगलमूर्ति मोरयाऽ कुछ ऐसे ही उद्घोष से सुबह से ही गरियाबंद की सड़कें गूंजती रही। इसको देखो वहीं अपने आराध्य गणपति को सबसे शानदार विदाई देना चाहते थे। हर तरफ़ रंगों और फूलों की होली खेलने वालों की भीड़ लगी थी।गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा में भक्तगण भगवान गणेश की जय जयकारा करते नजर आए नजर आये। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया।गणेश चतुर्थी पर सिन्हा परिवार की बुजुर्ग महिला धरमीन बाई सिन्हा बुद्धि देवी सिन्हा लक्ष्मी सिन्हा रेणुका सिन्हा भारती सिन्हा एवं लीना वंदना ने अपने निवास पर विराजमान गणपति जीं की आरती कर गणपति बप्पा को विशेष मंत्रों के साथ उनके द्वारा विदाई दी गई। पुराना मंगल बजार स्थित सिन्हा निवास में सिन्हा परिवार द्वारा गणपति स्थापना का यह 51वाँ वर्ष पूरा किया गया, 51वर्ष पहले उनके बुजुर्गों ने जो परंपरा शुरू हुई थी उस परंपरा को आज भी सिन्हा परिवार द्वारा निभाया जा रहा है परिवार के बुज़र्गो से ले कर बच्चे पूरे 11 दिन



गणपति स्थापना को त्योहार की तरह मनाते है पूरे घर को दूधिया एव रनिंग लाइट से सजाते है प्रतिदिन मोदक का प्रसाद वितरण किया जाता है बड़े धूमधाम से परिवार सहित आसपस के लोग गणपति जी की आरती करते है।साथ ही 11 वे दिन शोभायात्रानिकाला जाता है उसी कड़ी में आज शोभायात्रा निकालकर गणपति बप्पा को विसर्जन के लिए जयकारों के साथ पुराना मंगल बाज़ार से मेंन रोड से तिरंगा चौक होते हुए श्रद्धालु अपने आराध्य को लेकर छिन्द तलाब के घाट पर पहुँचे, तो उनके साथ सेल्फ़ी लेने का दौर शुरू हो गया। अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित किया। शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए छिन्द तलाब के तट पहुंचे।शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयघोष करते हुए खूब आनंदित हो रहे थे।वही नगर पालिका की पूरी टीम आज सुबह से ही छिन्द तलाब में गणपति विसर्जन करने में लोगों की सहयाता करते नज़र आए नपा अध्यक्ष मेमन ने। बतलाया पालिका की टीम के द्वारा तलाब में सभी मूर्तियों को विसर्जित करने के लिए पूरी टीम लगी हुई है अभी तक हमारे द्वारा 12 मूर्तियो का विसर्जन किया जा चुका है और भी मूर्तियाँ आना अभी बाक़ी है साथ ही हमारे द्वारा सफ़ाई को ले कर विशेष ध्यान दिया जा रहा है पूजा एवं हवन में उपयोग किए गए समग्री को तलाब में ना अर्पण कर नदी में अर्पित किया जाएगा जिससे तलाब में अन्य दिनो की तरह आम लोगों के उपयोग में काम आ सके पालिका टीम के ये रहे उपस्थित रहे अश्वनी वर्मा भूपेन्द्र कश्यप एवं अन्य कर्मचरी उपस्थित रहे

### मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना: 583 कार्य हो चुके पूर्ण, 145 पूर्णता की ओर

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल भवनों के मरम्मत और रंग रोगन का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् स्कूलों के कायाकल्प होने से अब बच्चों को पढ़ाई हेतु बेहतर वातावरण मिल रहा है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के साथ कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा डीएमएफ मद से भी राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत अंतर्गत शाला भवन मरम्मत, नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। चूंकि वर्तमान जिले में लगातार बारिश होने की वजह से काम की प्रगति धीमी हुयी है। बरसात समाप्ति के पश्चात जिन स्कूलों के लिए राशि स्वीकृत हुई है उनके कामों में तेजी आएगी।कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायगढ़ संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 1425 स्वीकृत कार्यो में से 583 कार्य पूर्ण हो चुके है ।

## 5 साल की मेंटेनेंस की शर्तों के बावजूद समय पर नहीं पाटे गए शहर के गड्ढे

### जिले में सड़कों का हाल-बेहाल,पिछले 10 वर्षो से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/फिगेश्वर,29 सितंबर।** कुंडेल से फिंगेश्वर पहुंच मार्ग खराब होने के चलते लोगों को हो रहे हैं आवागमन में असुविधा आये दिन राहगीरों का गिरकर चोटिल होना आम बात हो गया है आपको बता दें कि गरियाबंद जिले के एक मात्र धान संग्रहण केन्द्र कुंडेलभाठा जहां से कस्टम मिलिंग के लिए राईस मिलरो द्वारा इसी मार्ग से हाईवा से परिवहन करने के चलते रोड़ का बुरा हाल हो गया है लंबे समय से इस सड़क मार्ग को चौड़ीकरन करने की मांग की जा रही है पर न ही विभाग द्वारा और न ही शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दे रहे हैं लोगों में घुस्सा बढ़ रहा है लोगों का कहना है कि यह मार्ग को चौड़ीकरन किया जाए या फिर क्षमता से अधिक भारी वाहनों को चलने से रोका जाए



और कार्रवाई की जाए सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश का पानी सड़क के गड्ढों में भरने से चलने वाले राहगीरों का गिर कर चोटिल होना आम बात हो गई है हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है कुंडेल से मड़वाडी तक के बच्चे इसी मार्ग से स्कूल , कालेज एवं आईटीआई के लिए फिंगेश्वर पढ़ाई करने जाते हैं मार्ग खराब होने एवं सिंगल रोड़ होने से स्कूली बच्चों के साथ इस मार्ग पर सफर करने वाले राहगीरों को आने-जाने में बहुत तकलीफ़ होती है

## पालिका अध्यक्ष पहले शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाएं:विमल चोपड़ा

**महासमुंद, 29 सितंबर।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश मीडिया पेनलिस्ट डॉ विमल चोपड़ा ने नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा लगातार भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेताओं पर लगाए जा रहे अनर्गल आरोपो का पुरजोर विरोध करते हुये कहा कि पहले शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए ट्रेफिक सिग्नल, सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था संजय कानन व अन्य उद्यानों एवं नपा की प्रशासनिक व्यवस्था को सुधार ले एवं विकास कार्यो की कुछ सौगात दे उसके बाद दूसरी तरफ देखें तो शायद उनके लिए उचित होगा।

डॉ चोपड़ा ने कहा कि क्या महासमुन्द नगर पालिका में सपंतीकर आधा हो गया, जिसका वादा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पांच वर्ष पूर्व किया था और शहर की साठ हजार जनता उस वादे के पूर्ण होने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। क्या नपाध्यक्ष ने अपने इस एक वर्ष से अधिक के कार्यकाल में एक भी बार सरकार को पत्र लिखा? क्या मुख्यमंत्री के महासमुन्द आगमन पर उनके समक्ष इस बात को रखा? कि इस घोषणा से साठ हजार



महासमुन्दवासी राहत पा सकते है।क्या भूपेश बघेल ने अपने वादे के अनुसार महासमुन्द क्षेत्र में निवासरत निराश्रितों का पेंशन 1500 रूपये कर दिया? नपा अध्यक्ष के क्षेत्र के हजारो निराश्रित आज इस बात की बाट जोह रहे है कि उनकी अपनी नपाध्यक्ष इस मांग को कब उठाएगी? परंतु उन्हे कांग्रेस का कार्यकाल समाप्त होने के करीब भी अब नपाध्यक्ष से कोई उम्मीद नहीं बची है।डॉ चोपड़ा ने कहा कि नपाध्यक्ष राशि महिलांग को महासमुन्द शहर की जनता को इस बात की भी जानकारी देनी चाहिए कि क्या महासमुन्दवासीयों को राज्य सरकार ने चिटफंड कंपनियों का पैसा वापस दिला दिया? यदि नही तो मुख्यमंत्री के समक्ष इन बातो को रखा क्यों नहीं जा रहा है? मुख्यमंत्री से इस बात का जवाब क्यों नहीं मांगा जा रहा है कि उनके निकाय के अनियमितता एवं ठेका कर्मचारी कब नियमित होगें। जिसका वादा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार में आने पर किया था।महिला समुह के ऋष्ठा माफी की घोषणा करनी वाली कांग्रेस पार्टी ने क्या महासमुन्द शहर की महिला समूह का ऋष्ठा माफ कर दिया?

सवाल हजारों है पर जवाब कांग्रेस के पास कुछ नहीं है परंतु झुठ बोलकर भाजपा नेताओं को बदनाम करने की उनकी कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। परिवर्तन यात्रा में उठ रहे शराब घोटाले, कोयला घोटाले, महादेव एप्प सट्टा घोटाले को कोई जवाब यदि कांग्रेस के नेताओं के पास है तो दे।क्यों उनके नेता और मुख्यमंत्री कार्यालय के बडे अधिकारी वर्षो से जेल की हवा खा रहे है। और मुख्यमंत्री कार्यालय के बडे अधिकारी वर्षो से जेल की हवा खा रहे है और जमानत के उनके दर्जनों प्रयास अब तक असफल क्यों रहे? अब तो राज्य सरकार ने ई.डी. के विरूध्द सुप्रीम कोर्ट में लगायी गयी प्रताडना की याचिका भी वापस ले ली क्यों ? डॉ चोपड़ा ने श्रीमती राशि महिलांग को सलाह दी है कि सूर्य की ओर मुंह करके थूकने से कोई फायदा नहीं, अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर जनता का राहत दे।

## अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का धूमधाम से किया गया विर्सजन



### शहर की ट्रैफिक्र व्यवस्था दिनभर रही बाधित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 29 सितंबर।** अनंत चर्तुदशी के मौके पर शहर के विभिन्न चौक चौराहो मे विराजीत सभी गणेश प्रतिमाओ का आज नदी नालो मे विधि विधान के साथ विर्सजन कर दिया गया। दिन गुरूवार को सुबह से ही शहर मे काफी भीड भाड थी,सुबह के दौरान ईद मिलादुनबी का मुस्लिम समुदाय ने जुलुस निकाला था,जिसके कारण काफी देर तक सडको मे भीड बढी हुयी थी। दोपहर पश्चात लगभग एक दर्जन बडी गणेश प्रतिमाओ का विर्सजन शुरू हुआ। गणेश उत्सव मनाने वाली सभी समितीयों ने बडी वाहनो मे गणेश प्रतिमाओ को विराजमान कराया गया था,गणेश प्रतिमाओ के आगे नर्तक दल अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। गाजे बाजे एवं आतिशबाजी की गूंज के बीच शहर के प्रमुख तीनो मार्गो मे गणेश विर्सजन की शोभायात्रा निकाली गयी,जिसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था एक बार पूरी तरह चरमरायी नजर आयी। हालांकि पुलिस यातायात व्यवस्था बनाने मे कोई कसर नही छोड रखी थी,परंतु सकरी सडके रहने के कारण गणेश प्रतिमाओ को रखी जाने वाली बडी वाहनो के चलने एवं मुडने मे काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा था,जिसके कारण अनेक बार जाम लगने जैसी स्थिती उत्पन्न हो रही थी। हालांकि गणेश विर्सजन को लेकर पुलिस तीनो ही मार्गो मे अपने जवान तैनात किये हुये थे,उसके बावजुद भी गणेश विर्सजन के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित हुयी। देर शाम तक यहा के नंदनझरिया के अलावा किलकिला मांड नदी,सुखरापारा,पुरन तालाब मे गणेश प्रतिमाओ का विर्सजन चलता रहा,किसी प्रकार की अनहोनी ना हो को देखते हुये पुलिस प्रशासन ने नदी एवं तालाबो के पास भी अपने जवानो की तैनातगी कर रखी थी। यहा के किलकिलेश्वर धाम मे गणेश विर्सजन के लिए मंदिर समिती की ओर से व्यापक व्यवस्था की गयी थी,घाट के करीब लाईट का प्रबंध किया गया था।

### चुनाव आया तो पट्टा दे रहे

**महासमुंद।** प्रदेश के भूपेश सरकार द्वारा चुनाव के करीब आते ही आबादी जमीन में निवासरत लोगो को पट्टा देने को चुनावी जुमला करार देते हुये पार्षद देवीचंद राठी, सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, जगन्नाथ छुरा, कुदंन साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदेश के कांग्रेस सरकार को अपने पुरे साढे चार साल के कार्यकाल खत्म होने पर आबादी जमीन में निवासरत लोगो को पट्टा देने का विचार आया ये सरकार की उदासिनता को दर्शाती है।





भाजपा नेताओं ने कहा कि यही कांग्रेस सरकार द्वारा बीटीआई रोड़ में निवासरत गरीब परिवारो,सुभाष नगर, नयापारा, लालदाडी पारा, पिटियाझर, मौहारी भांठा मे आबादी भूमि में निवासरत लोगो को हजार लाखो रूपये जमा करने का नोटिस थमाया था, इनमे से कुछ तो चालान के माध्यम से पैसा भी जमा किये और पट्टा पाने को सालो इंतजार करना पड़ा , तहसील एसडीएम कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ा और अब चुनाव को कुछ दिन शेष है तो कांग्रेस सरकार अपनी उपलब्धि बताने जनता को पट्टा वितरण कर रही है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि ये भ्रष्ट भूपेश सरकार यदि चार साल पहले गरीब जनता को पट्टा वितरण करती तो महासमुन्द नगर में ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैकडों पक्का मकान बन जाते, ये कांग्रेस सरकार के पट्टा वितरण करने में देरी के कारण ही आम गरीब जनता आवास योजना का लाभ लेने से वंचित हो गये। जनता सब देख रही है और समझ रही है आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका हिसाब जरूर करेगी।

---

## समाचार संक्षेप

### नगर में शान से निकाला जुलूसे-मोहम्मदी



**बीजापुर, 29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय बीजापुर में अंजुमन इस्लामियां कमेटी की अगुवाई में पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्ललाहो अलेहे वसल्लम की पैदाइश के मौके पर शान से जुलूसे मोहम्मदी निकाली गई। इस जुलूस में बीजापुर, आवापल्ली, कुटरू, फरसेगढ़ व नैमेड से बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग आकर शामिल हुए।

हज़रत मोहम्मद सल्ललाहो अलैहे वसल्लम के पैदाइश के मौके पर गुरुवार की सुबह 9 बजे बीजापुर जामा मस्जिद से अंजुमन इस्लामियां कमेटी के अगुवाई में जश्ने ईद मिलाद उन नबी के मौके पर जुलूसे मोहम्मदी बड़े ही शान ओ शौकत के साथ निकाली गई। जुलूस जामा मस्जिद से निकल कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर भ्रमण के बाद वापस जामा मस्जिद में आकर खत्म हुई। जुलूस में लोगों ने खूब नारे लगाकर पैगम्बर साहब की शान में नाअत व सलातो सलाम पढ़ी। युवाओं ने जोशीले अंदाज में नबी की आमद की खुशियां मनाई। जुलूस के बाद जामा मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इसके बाद फातेहा पढ़ी गई और मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई। फातेहा ख्वानी के बाद मर्दो को पैगम्बर साहब के मुंहे मुबारक की ज़ियारत कराई गई व नमाजे जोहर के बाद औरतों को मुंहे मुबारक की ज़ियारत करवाई गई। अंजुमन इस्लामियां कमेटी की ओर से शाम में आम लंगर का इंतेजाम किया गया हैं।

**11 दिनों तक महिलाओं ने कराया मिलाद का प्रोग्राम-** जश्ने ईद मिलाद उन नबी के मुबारक मौके पर इस बार बीजापुर में महिलाओं ने भी काफी उत्साह के साथ बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। 11 दिनों तक महिलाओं ने मिलाद व तकरीर का प्रोग्राम अच्छे तरीके से कराया। प्रोग्राम के 11 वे दिन महिलाओं ने प्रोग्राम में आने वाले सभी महिलाओं व बच्चों को तोहफा देकर लंगर बांटे गए।

### कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक डा. वेल्ला प्रसाद का बीजापुर दौरा



**बीजापुर, 29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व चुनाव पर्यवेक्षक डा वेल्ला प्रसाद एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे। स्थानीय सर्किट हाउस में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बंद कमरे में चर्चा कर राजनैतिक हालात का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं से जिले के विकास कार्यो तथा शासन की योजनाओं की जानकारी ली। सर्किट हाउस में दोपहर में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा चुनावी स्थिति पर जानकारी के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। छत्तीसगढ़ में 20 दिनों से पार्टी के लोगों से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली जा रही है। डाक्टर वेल्ला ने बताया कि बस्तर में तीन दिन से विधानसभा वार समीक्षा कर रहे है। बस्तर में सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। जमीनी स्तर पर देखने से लगा की भूपेश सरकार की योजनाओं से हर वर्ग खुश है। पत्रकारों के सवाल बताया कि बस्तर सुंदर है और शांति की ओर लौट रहा है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा हर क्षेत्र में बेहतर कार्य करने सफल रही है। छत्तीसगढ़ में हम 75 सीटें जीतने का हमारा लक्ष्य है। भाजपा के 15 साल के शासन में उल्लेखनीय कार्य नही हुये। डाक्टर वेल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ बोलने की राजनीति करते है। भाजपा शासन में देश में लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।भाजपा, आर्एस्एस लोग देश के अंदर क्या कर रहे, ये जनता जान रही है। भाजपा के सबसे सीनियर नेता प्रधानमंत्री व गृहमंत्री कर्नाटक चुनाव में बड़ी बड़ी सभा व रोड शो किया लेकिन जनता ने नकार दिया। देश में महंगाई से लोग त्रस्त है, गरीब ,किसान खुश नही है। प्रेसवार्ता के समय साथ में विधायक विक्रम मंडावी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, नीना रावतिया उद्दे, बसंत राव ताती व वेणुगोपाल राव मौजूद थे।

### जन शिक्षण संस्थान में अंशकालीन प्रशिक्षको के लिए आवेदन आंमत्रित

**बीजापुर, 29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जन शिक्षण संस्थान बीजापुर छ.ग. द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण में बीजापुर जिले में निवासरत अभ्यर्थियों से सत्र 2023-24 के लिए विभिन्न 11 जॉब रोल (सिलाई, हेल्पर टू-व्हीलर मेकेनिक, ब्यूटी केयर असिस्टेंट, असि. वेल्डर व फेब्रिकेटर, हेल्पर इलेक्ट्रीकल टेक्निशयन, हेल्पर वायरमेन, असि. हेण्ड एब्राइंडरी, असि.कम्प्यूटर ऑपरेटर, असि. प्लबिंग एड सेनिटरी व ऑटोमोटीव वाशर) हेतु अनुबंध (कोर्स अवधि) के आधार पर योग्य अंशकालीन प्रशिक्षको/प्रशिक्षिकाओ से आवेदन आंमत्रित किये जाते है।इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित ई:मेल आईडी पर अपना एक कवरिंग लेटर के साथ भेज सकते है। जिसमे स्क्रीनिंग के बाद शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार को ही इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा ।

### स्पीचथेरेपिस्ट/ओडियोलॉजिस्ट के लिए इंटरव्यू 4 अक्टूबर को

**बीजापुर 29 सितंबर ।** जिला कार्यालय समाज कल्याण बीजापुर अंतर्गत एजुकेशन सिटी बीजापुर में जिले के दिव्यांगजन हेतु संचालित संस्था समर्थ जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु स्पीच थेरेपिस्ट / ऑडियोलॉजिस्ट के संविदा पद पर के माध्यम से भर्ती किया जाना है। अतः उक्त संविदा भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीद्वारों का आयोजित किया जायेगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित एवं वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि 04 अक्टूबर 2023 को कार्यालयीन समय प्रातः 10ः00 बजे कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण, जिला- बीजापुर (छग) उपस्थित होवें द्यउक्त भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए बीजापुर जिले के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### डेंगू लार्वा नष्ट करने शहर के तालाबों में छोड़ी गई गंबूजिया मछली

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** शहर में डेंगू के मामलों को नियंत्रित करने कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब शहर के तालाबों में मच्छर जनित रोगों के लिए जिम्मेदार लार्वा को नष्ट करने के लिए गंबूजिया मछली छोड़ी गई है। ये मछली पानी की सतह पर रहती है और डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियां पैदा करने वाले लार्वा को खा कर नष्ट कर देती हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि शहर के तालाबों में मच्छर जनित बीमारियों का कारण बनने वाले लार्वा को नष्ट करने के लिए गंबूजिया मछली डाली गई ।

## एक नजर

### आकाश जैन के 10 उपवास की पारणा आज



सिमगा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सिमगा में बड़े हि हर्सोलास से दसलक्षण महापर्व संपन्न किया एवं, इस अवधि में सभी ने अपनी शक्ति के अनुसार तपस्या एवं साधना की और इसी अवसर पर आकाश जैन ने 10 दिनों तक केवल दूध एवं जल लेकर उपवास किया।

### जैन समाज के सदस्यों ने किया भगवान अनंतनाथ का अभिषेक





सिमगा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिमगा सभी भक्तों व श्रद्धालुओं को सिमगा दिगंबर जैन समाज की ओर से जय जिनेंद्र व उत्तम क्षमा जैन समाज सिमगा के द्वारा अनंत चतुर्दशी के पवन अवसर पर बहुत ही अच्छे एवं भव्य तरीके से भगवान अनंत नाथ जी को विमान मै विराजमान करके नगर भ्रमण कराया गया एवं सुबह भगवान की अभिषेक शांति धारा व पूजन इत्यादि किया गया। सभी भक्तो मिल कर भगवान 1008 वसुपूज्य का मोक्ष कल्याणक बड़े हि हर्षोलास से मनाया। समाज के सभी लोगो ने जाने व अनजाने हुई सभी गलतियों के लिए आपस मै क्षमा मांग कर क्षमावाणी का पर्व मनाया।

### 'ईद पर परचमकुशाई की रस्म अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ



सिमगा, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गुरुवार को पैगम्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे विलादत की खुशी के मौके पर ग्राम कुसुमकसा के जामा मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म अदा कर मुल्क ए हिंद में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। जिसके बाद मुस्लिम समाज की ओर से भव्य और आकर्षक जुलूस निकाला गया। सरकार की आमद मरहबा का नारा बुलंद करते हुए यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जामा मस्जिद पहुची जहां फातिहा के बाद सभी को सिरनी अर्थात प्रसाद का वितरण किया गया। जुलूस के दौरान जनपद पंचायत डौन्डी के सदस्य संजय बैस के द्वारा भव्य जुलूस में आये सभी मोमिन भाईयों का स्वागत किया गया एवम सभी से गले मिलकर व हाथ मिलाकर पैगम्बर मोहम्मद साहब के यौमे विलादत की बधाई दी एवम जुलूस में आये सभी भाईयों के लिए मीठी शरबत का इंतेजाम किया गया। संजय बैस ने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब वफादारी, सच्चाई, विश्वसनीयता, निस्वार्थता, नैतिकता और जुनून की स्थापना के एक महान उदाहरण हैं। अपने राजनीतिक जीवन में, उन्होंने अल-अमीन विश्वसनीय के रूप में शुरुआत की थी। हमें काफी कुछ सीखने मिलता है। जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज की ओर से सदर जनाब वाहिद खान, इमाम याकूब खान, हाजी दिलदार रिजवी, समीम खान, डाक्टर नसीम खान, साजिद खान, शरीफ खान, कलाम खान, जागेश्वर उपस्थित थे।

आत्मीय स्वागत



**बलौदाबाजार, 29 सितंबर।** भाटापारा तहसील अंतर्गत ग्राम सुमा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में पहुंचे राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का हेलीपैड का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हेलीपैड पर अतिथियों का संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्र देव राय, संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल विधायक शकुंतला साहू, विधायक उत्तरी जागड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, कलेक्टर चंदन कुमार, एसएसपी दीपक झा सहित बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव भी उपस्थित रहे।

# रीपा आधारित काफी टेबल बुक का विमोचन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 सितंबर।** राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भटापारा तहसील के सुमाभाठा में गुरुवार को आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तैयार रीपा आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। इस कॉफी टेबल बुक में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क( रीपा) के तहत स्थापित विभिन्न औद्योगिक इकाइयां, विभिन्न उत्पाद तथा रीपा में नियोजित महिला समूह के कार्यो को आकर्षक ढंग से समावेशित किया गया है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा बस्तर सांसद दीपक बैज, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, मंत्री अनिला भेड़िया, मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री गुरू रूद्र कुमार, मंत्री उमेश पटेल, मंत्री अमरजीत भगत, मंत्री मोहन मरकाम, संसदीय सचिव द्वय चंद्रदेव राय एवं शकुंतला साहू, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, राज्य रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव, श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य सतीश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलीस अधीक्षक दीपक झा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में मनाया गया दादा-दादी, नाना-नानी दिवस

# विद्यार्थियों में दिखा संस्कार, उतारी बुजुर्गों की आरती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**छुरा, 29 सितम्बर।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में आज बड़े ही धूमधाम से दादा-दादी, नाना-नानी दिवस कार्यक्रम मनाया गया।जिसमें मुख्य रूप से पालक समिति के उपाध्यक्ष रेनू चंद्राकर एवं शाला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के दादा-दादी एवं नाना-नानी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

संस्था के प्राचार्य बिन्दू जॉर्ज जेकब से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का सुभारंभ माँ सरस्वती की छाया चित्र पर पुष्प अर्पण कर उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना किया गया एवं उन्होंने बताया की नगर में स्थित सभी स्कूलों में से यह संस्था एक पहली संस्था है जो दादा-दादी, नाना-नानी दिवस का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें दादा-दादी, नाना-नानी लोगों के लिये तरह-तरह का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें उपस्थित समस्त अतिथिगण बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिये। यह कहते हुए उन्होंने अपने दादा-दादी, नाना-नानी, माता-पिता के प्रति मान-सम्मान, भाव-सत्कार, अनुभव महसूस करते हुए उपस्थित सभी दादा-दादियों एवं छात्र-छात्राओं को बताया कि हर वर्ष दादा-दादी, नाना-नानी दिवस सितंबर माह के 10 तारिक को मनाया जाता है इस दिन को मनाने की घोसना सन 1978 में अमेरिका के राष्ट्रपति जिमी काटर द्वारा की गयी थी जब 1969 में नव वार्षिय रसेल कैम्पर ने तत्कालीन राष्ट्रपति निक्शन को दादा - दादी को एक दिन समर्पित करने के लिए एक पत्र लिखा था उन्होंने यह भी बताया की पितामह दिवस को अलग - अलग देशो में अलग-अलग तरह से भी मनाया जाता है।

उन्होंने बच्चों को और आने वाले पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा की दादा-दादी के रिस्ते का महत्वपूर्णता को बताते हुए कहा की दादा - दादी अपने पोता - पोती के साथ बहुत विशेष बंधन को साझा करते है वे एक दूसरे से मिलकर और एक दूसरे का साथ पाकर बहुत ही आनंदित महसूश करते है कुछ परिवार में यह बंधन माता - पिता और बच्चे के सम्बंध में भी काफी मज़बूत होता है अपने बच्चों के प्रति दादा - दादी का प्यार और स्नेह वाकई बेह्द बेमिशाल होता है कहकर भविष्य में छात्र - छात्राओ को अपने समस्त बुजुर्ग दादा - दादी नाना - नानी और माता - पिता को हमेशा इज्जत दे मान सम्मान करे कहते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाने कहा गया।

इस बीच उपस्थित सभी अतिथिगण एवं बुजुर्गो को संस्था के प्रबंधक सैजू जार्ज जेकब एवं शाला के प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब के हाथो श्रीफल देकर उनका आदर सत्कार किया गया जिसमें प्रबंधक महोदय ने कहा आजकल हम सर्व सुविधा युक्त घर में रहते हुए भी हम अपने माँ - बाप एवं दादा - दादी का अच्छे से देखभाल नहीं करपाते और हम उन्हे वृद्धा आश्रम भेज देते है जब की यह मानव जीवन के लिए अच्छा संदेश नहीं है जिसके वजह से आज हम इस दुनिया में है जिनका सेवा न करके हम दूसरे जगह भेज देते है भविष्य में हमारे आने वाली पीढ़ी ऐसा न करे कहते हुए बच्चों को अपने बुजुर्गो के प्रति सेवा भावना रखने प्रेरित करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया इसमे मुख्य रूप से छात्र - छात्राओं द्वारा एक नाटक का आयोजन किया जिसमें हमेशा माता-पिता, दादा- दादी के प्रति हमेशा समर्पण भाव रखते हुए संदेश दिया गया जो इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण था जिसको देखते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के उपप्रचार्य लोवित रत्नाकर ने उपस्थित सभी मुख्य अतिथिगण, पालक समिति के उपाध्यक्ष, संस्था के प्रबंधक जेकब सर, प्राचार्य बिंदु जेकब, एकादमिक डायरेक्टर सुमंत आचार्य शिक्षक-शिक्षिकाए -दुष्यंत यदु, मोहित, भोज, उषा, कीर्ति, दीप्ती, समीर, विवेक, चिरसमयी, चमेली, स्मिता, परमेश्वरी, फुलेश्वरी, कृष्णा इन सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन कराये।

## 1008 श्रीमद भागवत पोथी पुराण कथा की तैयारियां जोरों पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 29 सितम्बर।** 1 अक्टूबर से तिल्दा-नेवरा में होने वाले 1008 श्रीमद भागवत पोथी पुराण के तैयारियां जोरों पर है। आयोजको द्वारा आज प्रेस वार्ता कर बताया की कलश यात्रा 30 सितंबर को नेवरा अग्रवाल समाज के पंचायती मंदिर से शाम 4 बजे निकाली जाएगी, जिसका गांधी चौक से होते हुए अमित चावल उद्योग भागवत परिसर में समापन होगा। इस कलश यात्रा में आकर्षक झांकियां, लाइट साउंड संगीतकार विशेष आकर्षण होंगे।

तैयारी



**तिल्दा-नेवरा, 29 सितम्बर।** तिल्दा-नेवरा में अमित चावल उद्योग में 1008 भागत पोथी के आयोजन की तैयारियां जोरों पर है। एक अक्तूबर से शुरू होने वाले श्रीमद भागवत कथा के लिये भव्य पंडाल, मंच, पोथी कथास्थल की सजावट के लिए कोलकाता से कारीगर आए है। करीब पांच सौ से अधिक पंडित वृंदावन से आ चुके है। तिल्दा नेवरा में 1 से 7 अक्टूबर तक राधे राधे गूंजेगा तिल्दा नेवरा में पोथी के लिय एक हजार आठ पोथी पाटा भी सज गए है।

# धूमधाम से मनाया पैगंबर साहब का जन्मदिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 29 सितम्बर।** पैगंबर साहब के जन्मदिन को मुस्लिम समाज ने धुमधाम के साथ मनाया। मुस्लिम समाज सिमगा के द्वारा मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में आज ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर समाज के लोगो ने कुरान का पाठ किया और उनके संदेशों को जीवन में उतारा।मोहम्मद साहब के सम्मान में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस का कई जगहों पर हिंदू भाइयों के द्वारा स्वागत किया गया।जुलूस पूरे नगर का गस्त करते हुए वापस मस्जिद पहुंचा जहां मस्जिद के इमाम और हाजियों के द्वारा परचम कुशाई कर देश के अमन शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। इस अवसर पर गरीबों व जरूरतमंदों को दान व जकात किया। मिलाद-उन-नबी की रात को अल्लाह की इबादत की जाती है।रबीउल अव्वल महीने की 12 वीं तारीख को मिलादुन्नबी के दिन इस्लाम के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। उसके बाद से इस्लामिक धर्म के अनुयायियों के द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के याद में उनके जन्मदिवस को मनाया जाता है। यह उत्सव मोहम्मद साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं की भी याद दिलाता है। मिलाद-उन-नबी इस्लामी माह के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 11वें और 12वें दिन मनाया जाता है। मोहम्मद साहब ने अल्लाह के हुक्म से जिस धर्म को चलाया उसे इस्लाम कहा जाता है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202306092200027**

विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन् 2022-2023
बधियाटोला प.ह.न. 00023 [ ( हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- जसवंत बागडे,
अनावेदक पक्षकार-करूणा मेश्राम,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जसवंत बागडे आ. स्व. विठ्ठलराव बागडे जाति कुनबी निवासी गणेश वार्ड नंबर 08 कालकापारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम बधियाटोला प.ह.नं. 23 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खसरा नंबर 152/189 रकबा 0.010 हे. परि. लगान 3.60 रू. पै. कृषि भूमि को भूमिस्वामी/विक्रेता करूणा मेश्राम आ. मनसुख लाल जाति महार निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से दिनांक 31/07/2019 को आवेदक/क्रेता जसवंत बागडे आ. विठ्ठलराव बागडे जाति कुनबी के द्वारा क्रय किया गया है। उक्त भूमि का आवेदक द्वारा भूलवश प्रमाणीकरण नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से प्रमाणीकरण/नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.10.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202306092200028**

विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2022 2023
छिंदीजोब प.ह.न. 00027 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सुनन्दा सहारे,
अनावेदक पक्षकार- कन्हैया दास,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनन्दा सहारे पति इन्दरलाल सहारे जाति कलार निवासी ग्राम छिन्दीजोब तहसील डोंगरगढ़ जिला जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम छिन्दीजोब प.ह.नं. 27 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खसरा नंबर 28/1 रकबा 0.23ए./0.186 हे. भूमि को भूमिस्वामी/विक्रेता कन्हैया आ. बुधराम जाति लोधी से पंजीकृत बेनामा के माध्यम से दिनांक 11/06/1993 को आवेदिका के पति इन्दरलाल सहारे आ. सियाराम सहारे निवासी छिन्दीजोब के द्वारा क्रय किया गया है। उक्त भूमि का आवेदक द्वारा भूलवश प्रमाणीकरण नहीं कराया गया है। वर्तमान में क्रेता इन्दरलाल आ. सियाराम सहारे की मृत्यु दिनांक 14/02/2022 को हो चुकी है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से प्रमाणीकरण/नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.10.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
☎ 07721-233326, Email- npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/552/लो.नि.वि./न.पा./2023-24 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 27/09/2023

**ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (FDR) | कार्य की समया-वधि | ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 148475 | महात्मा गांधी अर्बन पार्क (UIPA) निर्माण कार्य। | 119.36 | 89520.00 | 06 | 19.10.2023 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् तिल्दा-नेवरा**

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिलासपुर में होने वाली सभा की तैयारी को लेकर विधायक शिवरतन शर्मा ने बैठक ली

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का लोहा पूरी दुनिया मानती है : सरावगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 29 सितम्बर।** 30 सितंबर को बिलासपुर में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए भाजपा बिहार दरभंगा के विधायक संजय सरावगी एवं भाटापारा के विधायक विधानसभा शिव रतन शर्मा के नेतृत्व में भाटापारा विधानसभा के चारों मंडलों की प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दरभंगा के विधायक संजय सरावगी ने कहा कि हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि नरेंद्र मोदी जैसा नेता हम सबको देश में वर्षों बाद मिला है जिन के नेतृत्व का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। जिस छत्तीसगढ़ राज्य को देश के यशस्वी नेता अटल बिहारी वाजपेई ने बनाकर आप लोगों को दिया है वह छत्तीसगढ़ राज्य पिछले 4:30 वर्षों से गलत हाथों में चला गया है 36 गढ़ राज्य एक समृद्धिसाली राज्य है लेकिन इस सरकार ने इसे कांग्रेस पार्टी का ए टी एम बना दिया है। भ्रष्टाचार में इस सरकार ने किसी को नहीं बक्शा यहा तक कि यहां की युवा पीढ़ी भी इसके भाष्ट्रचार का शिकार बन चुकी है। प्रशासनिक सेवा की प रिच्छा में इन्हे के परिवार के सदस्य ही चयनित हो रहे है। इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जवाबदारी आप सब कार्य करताओ की है। विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए बधाई देते हुये कहा कि आप सब कर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही परिवर्तन यात्रा सफल हुई है। उन्होंने आगे कहा कि हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री। नरेंद्र। मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर आ रहे हैं। हम सब कार्यकर्ताओं की महती जवाबदारी है कि उनकी सभा को सफल बनावे इसके। लिए उन्होंने सभी। कार्य कर्ताओं को जवाब दारी बाटी इस दौरान चारो मंडलों के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

**एक नजर**

## इंडिया गठबंधन से भाजपा में भय : आहूजा



**रायपुर, 29 सितम्बर।** पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला ने कहा कि जबसे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से एक ताकतवार नेता बनके उभरे है तथा उन्होंने विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया सुझाया जिसे सभी विपक्षी दलो ने एक मत से स्वीकार किया तथा हिमाचल व कर्नाटक में भाजपा की करारी हार हुई। तबसे भाजपा वाले इंडिया गठबंधन से डर गये है इसलिए मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के चुनाव में केन्द्रीय मंत्रियो सांसदो को विधायक चुनाव लड़ाने के लिए मैदान में उतार रहे है। मध्यप्रदेश में इसकी घोषणा भी हो गई है। राजस्थान में यहां तक तैयारी की जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष को विधानसभा लड़ाने की बात की जा रही है। छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय मंत्री को सरगुजा तथा सांसद सुनील सोनी को रायपुर उत्तर से लड़ाने की बात की जा रही है लेकिन तीनो प्रदेशो में कांग्रेस भारी बहुमत से विजयी होगी।

## मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने लेजर प्रिंटर्स का स्मार्ट रेंज उतारा

**रायपुर, 29 सितम्बर।** भारत में रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी, मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेजर प्रिंटर्स की एक असाधारण रेंज पेश की है। यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं - मोनो और कलर। सभी प्रिंटर वाई-फाई समर्थित हैं। इन प्रिंटर्स के लिए ग्राहकों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ऑनसाइट सर्विस प्रदान किया जाता है, जिनमें एक स्मार्ट डिवाइस कनेक्टर, रिमोट डिवाइस मैनेजर, और एक मजबूत राष्ट्रव्यापी सर्विस पार्टनर्स का मजबूत नेटवर्क शामिल है। भारत में इस लेजर प्रिंटर रेंज की कीमत 30,000/- रुपये से शुरू हो रही है। मिहोशा इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, अतुल ठक्कर के अनुसार- मिनोशा इंडिया की स्थायी विरासत गुणवत्ता, भरोसे और पहुँच की बुनियाद पर खड़ी है। करीब तीन दशकों में इन सिद्धांतों ने हमारी पहचान को परिभाषित किया और उत्कृष्टता के प्रति हमारी निरंतर वचनबद्धता का मार्गदर्शन किया। रिको एशिया पैसिफिक के वाइस प्रेसिडेंट एवं जनरल मैनेजर-मार्केटिंग और टेक्नोलॉजी के अनुसार - भारत के तेज गतिशील और लगातार विकसित होते बाज़ार में टेक्नोलॉजी का अगुआ बना रहना महज एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। रिको में हम लोगों ने इस आवश्यकता को पूरे मन से अपनाया है। हम ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने और उनसे आगे निकलने के प्रति अपनी दृढ़ वचनबद्धता से संचालित होते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा: नेता प्रतिपक्ष ने कहा- ऐतिहासिक होगी सभा

# जल्द आएगी भाजपा की दूसरी सूची : चंदेल

**रायपुर, 29 सितम्बर।** नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल पीएम मोदी के दौरे को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की बिलासपुर में ऐतिहासिक सभा होगी. वहीं देर रात तक चली भाजपा की बैठक को लेकर जानकरी देते हुए उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा की समीक्षा की गई. यात्रा भाजपा को छत्तीसगढ़ प्रदेश में सरकार बनाने के लिए सहायक साबित होगी. इसके साथ ही उन्होंने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट और दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर भी अपना बयान दिया है.

प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ हुई बैठक को लेकर नारायण चंदेल ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई. परिवर्तन यात्रा चली है. एक परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर की प्रारंभ हुई, 16 सितंबर को दूसरी परिवर्तन यात्रा जशपुर से शुरू हुई जिसमें मैं था. यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. 14 से 15 दिन तक यह परिवर्तन यात्रा चली. अमित शाह और जेपी नड्डा ने इसकी समीक्षा की. यह यात्रा भाजपा को छत्तीसगढ़ प्रदेश में सरकार बनाने के किए सहायक सिद्ध होगी. कांग्रेस सरकार के असली चेहरे को हमने उजागर करने का काम किया है. भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट को लेकर चंदेल ने कहा कि कल पीएम मोदी आ रहे हैं. उसकी तैयारियों को लेकर समीक्षा हुई. जल्द दूसरी लिस्ट आएगी. पीएम मोदी शनिवार को बिलासपुर में सभा को संबोधित करेंगे, पानी बरसात के बाद भी लोग सभा में लाखों की संख्या में आयेंगे. पीएम मोदी की सभा ऐतिहासिक होगी.

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 1 अक्टूबर को होनी वाली बैठक पर नारायण चंदेल ने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी. उसमें ही सब फाइनल होगा. बैठक के बाद जल्द प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होगा.



इस बार के चुनाव में भाजपा महिलाओं को कितना रिस्पॉन्स देगी इसपर नारायण चंदेल ने कहा कि भाजपा महिलाओं को आगे रखती है. कांग्रेस ने 60-70 साल में महिला आरक्षण बिल जारी नहीं किया. पीएम मोदी ने एक झटके से इसको कर दिया. देश में इसका स्वागत हो रहा है.

कांग्रेस प्रत्याशियों के अब तक सूची जारी नहीं होने पर चंदेल ने कहा कि भाजपा की पहली सूची 17 अगस्त को आई करीब डेढ़ महीने होने जा रहा है. कांग्रेस ने 6 सितम्बर की सूची आ जाएगी कहा था? कांग्रेस में अंतर्विरोध है. हमारी दूसरी सूची आ जाएगी, उनकी पहली भी नहीं आएगी. राजधानी में लगातार हो रही दुष्कर्म की घटना को लेकर नारायण चंदेल ने कहा कि लोगों के दिल दिमाग में डर बैठ गया है. ये जो सरकार है आम आदमी को सुविधा नहीं दे सकती है. जशपुर, कोरिया, सरगुजा में इतनी घटनाएं हो रही है. ये घटनाएं प्रदेश सरकार के संरक्षण में हो रहा है. मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर कहा कि इतने साल तक सत्ता में थे. आज भाजपा की सरकार है, हम विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ते हैं. कांग्रेस प्रदेश में सत्ता में है. कांग्रेस अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच में जाए उन्होंने 5 साल में क्या-क्या किया है? आप अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच जाए. कांग्रेस ने किसी भी जिले और शहर में अस्पताल, स्कूल, जैसे कोई एक काम नहीं किया है.

**विसर्जन**



रायपुर, 29 सितम्बर। महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड में आज गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## बाल समाज लाइब्रेरी भवन निर्माण का बृजमोहन अग्रवाल ने किया भूमिपूजन

**रायपुर, 29 सितम्बर।** बाल समाज सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित भूमि पूजन समारोह में विधायक निधि 20 लाख रु0से प्रस्तावित बाल समाज भवन का भूमिपूजन वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि विधायक निधि द्वारा प्रदत्त यह सहयोग जनता का ही पैसा है और जनता की सेवा करने का सिर्फ मैं माध्यम बना हूं। बाल समाज लाइब्रेरी भवन निर्माण में सहयोग से मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। क्योंकि ब्राह्मण समाज धर्म और संस्कृति का रक्षक है। साथ ही लाइब्रेरी के माध्यम से ज्ञान का प्रचार प्रसार से ज्यादा बड़ा उपयोग भवन का नहीं हो सकता। इसके अलावा आसपास के



मोहल्लावासीयों के पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए यह भवन रियायती दर में उपलब्ध रहेगा ।इस अवसर पर वार्ड के पार्षद सरिता दुबे ,पूर्व पार्षद आकाश दुबे, विप्र भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी,जितेंद्र तिवारी विनय तिवारी ,अशोक दीवान ,डॉ. मेघेश तिवारी, उमाकांत तिवारी,प्रमोद शर्मा,हरीश मिश्रा, दामोदर शर्मा एवं नटराज शर्मा सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं बड़ी संख्या में आसपास के नागरिक शामिल थे।

## भाजपा के दिग्गज नेताओं के छत्तीसगढ़ दौरे पर सीएम बघेल का तंज

**रायपुर, 29 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का खुमार सिर चढ़ कर बोल रहा है और वहीं दूसरी ओर पार्टियों के दिग्गज नेता एक दूसरे पर निशाना साधने से नहीं चुक रहे हैं। आपको बता दें कि अभी हाल ही में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा चल रही है। बीजेपी के कई बड़े दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा भी जारी है। इसी बीच क्ष्छ्क नेताओं के छत्तीसगढ़ दौरा को लेकर सीएम भूपेश बघेल का बड़ा बयान सामने आया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि मतलब 3 बड़े वालों से नहीं हो पाया? सभी का स्वागत है, 220 क्या 440 आएं। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक उत्थान को देखें। छत्तीसगढ़ की संस्कृति उन्हें बहुत प्रभावित करेगी। 15 साल की गलतियां इतनी बड़ी थीं। प्रदेश में चुनाव लड़वाने नेता भी नहीं बचे हैं।



## विधायक ने भूमिपूजन कर आमजनों को दी निर्माण कार्यों की सौगात



**रायपुर, 29 सितम्बर।** संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय ने आज बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.18 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर क्षेत्रवासियों को सौगातें प्रदान की हैं। पश्चिम विधानसभा में हो रहे निरन्तर विकास से आमजनों में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है। विधायक विकास उपाध्याय द्वारा लगातार भूमि पूजन कर कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने एवं पूर्ण करने संबंधितों को दिशा निर्देश भी दिये जा रहे हैं, ताकि आमजनों की आस पूर्ण हो सके एवं शीघ्र पश्चिम विधानसभा एक नये रूप में उभर कर आये। विधायक विकास उपाध्याय ने आज बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र.18 अंतर्गत प्रथम कार्य जनता कॉलोनी में जे-01 के पास विभिन्न नालियों में क्षतिग्रस्त नाली, पुलिया, रोड निर्माण कार्य, द्वितीय कार्य अशोक नगर स्थित आंगनबाड़ी भवन का पुनर्निर्माण कार्य एवं तृतीय कार्य बौद्ध विहार के पास बोर खनन के कार्य का भूमि पूजन स्थानीय रहवासियों द्वारा करवाया। उक्त भूमि पूजन के दौरान विधायक विकास उपाध्याय के साथ आकाश दीवान, राकेश यादव, बसंत यादव, अमित सेन, रितेश दुबे, विजय देवांगन, कुन्दन सिन्हा, प्रवीण झा, दिलीप गुप्ता, ईश्वर निषाद, मुकेश चौधरी, सुधा सिन्हा, कान्ति चन्द्राकर, पुष्पा मेश्राम, सावित्री सिन्हा, संगीता साहू सहित काफी संख्या में आमजन सम्मिलित हुए।

# कांग्रेस का आरोप- अमित शाह ने रोका आरक्षण

**रायपुर, 29 सितम्बर।** कांग्रेस और भाजपा के बीच आरक्षण की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अमित शाह के दबाव की वजह से राजभवन में आरक्षण बिल अटका हुआ है, वहीं भाजपा ने इस आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आरक्षण के नाम पर जनता को धोखा दिया है।

कांग्रेस ने साफ किया है कि विधानसभा चुनाव में आरक्षण बिल छत्तीसगढ़ में बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। आरक्षण बिल को राजभवन में रोकना भाजपा की साजिश है। कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह से सवाल पूछा है कि आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर क्यों नहीं हो रहा है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में आरक्षण बिल सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी। यह भाजपा का गरीब विरोधी,



आदिवासी विरोधी, पिछड़ा वर्ग विरोधी, अनुसूचित जाति विरोधी कदम है।

कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के सभी वर्ग के लोगों के हितों में ध्यान रखकर आरक्षण विधेयक बनाया है और सभी जाति वर्ग की उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। भाजपा को यह डर सता रहा है कि यदि भूपेश सरकार में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया तो ओबीसी, एसटी, एससी और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण का अधिकार मिल जाएगा और उसके बाद भाजपा चुनाव में 14 सीट बचाने की स्थिति में भी नहीं रहेगी।

भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों पर हमलावर होते हुए कहा कि संविधान सर्वोपरि हैं। भाजपा की सरकार संविधान के अनुसार काम करती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भूपेश बघेल से पूछना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में आरक्षण के नाम पर उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और सामान्य हर वर्ग की जनता के साथ छलावा क्यों किया?

इस मामले पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से अब तक महिलाओं को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। 30 साल से महिला आरक्षण बिल कांग्रेस की वजह से लटका रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह कदम उठाया है और इस पर भी कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने आरक्षण के नाम पर धोखा दिया है।

खड़गे जिस वर्ग से आते हैं, उस वर्ग का आरक्षण 16 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत करने का इरादा किसका है? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कह रहे हैं कि उन्होंने पांच साल में पौने दो लाख करोड़ रुपए लोगों की जेब में डाले हैं। जनता तो यह जानना चाहती है कि जनता के कितने पैसे भूपेश बघेल ने कांग्रेस की जेब में डाले हैं। परिवार विशेष की जेब में डाले हैं या कांग्रेस के नेताओं की जेब में डाले हैं।

## मोदी सरकार की ओबीसी विरोधी नीति के खिलाफ 4 अक्टूबर को प्रदर्शन

**रायपुर 29 सितंबर।** जातिगत जनगणना के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी की नीति और नियत पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा है की देश की बहुसंख्यक आबादी ओबीसी वर्ग से भारतीय जनता पार्टी को आखिर इतनी नफरत क्यों है? स्वयं पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करने का ढोंग करने वाले मोदी जी जब-जब पिछड़ा वर्ग को कुछ देने की बारी आती है तब-तब हमेशा ही अन्य पिछड़ा वर्ग को निराशा किया है। देश भर के लगभग सभी ओबीसी वर्ग के नेता जातिगत जनगणना कराये जाने के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी से लगातार अनुरोध किया कि जनगणना रजिस्टर में जाति का कालम जोड़ा जाए लेकिन अपने आप को पिछड़ा वर्ग का हितैसी प्रचारित करने वाले मोदी सरकार, आरएसएस और भाजपाई नहीं चाहते की ओबीसी को उनकी संख्या के अनुपात में न्याय मिले, सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार नही चाहती कि पिछड़ा वर्ग के आर्थिक, समाजिक स्थिति का सही आंकलन हो। चन्द्राकर ने कहा है कि 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने भी प्रयास किया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी कि आरक्षण विरोधी सरकार में पिछड़ा वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण के मुद्दे पर ही सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। केंद्र में यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना स्श्वष्ट्ट शुरु करवाया। मनमोहन सरकार के द्वारा 2013 में आर्थिक जाति जनगणना पूरी हुई, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इन जातियों का डेटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया।




।। ॐ तत् सत्।।
शिवधाम
(अघोरेश्वर महादेव मंदिर)
ग्राम-तुलसी (पाटन) छत्तीसगढ़
परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी ( सरकार बाबा ) की महानिर्वाण तिथि ( पंचमी ) 03.10.2023 मंगलवार पर आयोजित
श्रद्धापंचमी
कार्यक्रम में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं
कार्यक्रम
ध्वज पूजन ध्वजारोहण
प्रात: 11.00 बजे
पूज्य अघोरेश्वर जी का पूजन
पूर्वान्ह : 11.30 बजे
वृक्षारोपण
मध्यान्ह : 1.00 बजे
श्रद्धाभोज ( भंडारा )
मध्यान्ह : 1.30 बजे
निवेदक
शिवधाम शोध एवं सेवा संस्थान,रायपुर
संपर्क-9826174789, 8889334400





कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23